Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 141 | शनिवार, 24 मई -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## पाकिस्तान को सीएम योगी की सीधी चेतावनी

# 75 वर्ष बहुत जी लिया पाक अब उसका समय आ गया है

**नई दिल्ली।**

सेना की जवाबी कार्रवाई का जिक्र करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि भारत के बहादुर सैनिकों की सैन्य कार्रवाई में 124 आतंकवादी मारे गए। तो इसमें गलती भारत की नहीं बल्कि पाकिस्तान के उन लोगों की है जो वहां बैठे थे और आतंकवादियों को पनाह दे रहे थे।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को दावा किया कि पाकिस्तान 75 साल से ज्यादा समय तक जीवित रहा है और अब उसके पास ज्यादा दिन नहीं बचे हैं। अयोध्या के हनुमानगढ़ी में हनुमान कथा मंडपम का उद्घाटन करने के बाद एक समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आतंकवाद एक दिन पाकिस्तान को नष्ट कर देगा। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान पर हमला नहीं किया, बल्कि पाकिस्तान ने पहले हमारे निर्दोष लोगों पर हमला किया और उनका धर्म पूछकर उन्हें गोली मार दी। भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई का जिक्र करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि भारत के बहादुर सैनिकों की सैन्य कार्रवाई में 124 आतंकवादी मारे गए। तो इसमें गलती भारत की नहीं बल्कि पाकिस्तान के उन लोगों की है जो वहां बैठे थे और आतंकवादियों को पनाह दे रहे थे। उन्होंने कहा, ₹वे आतंकवाद को बढ़ावा दे रहे हैं। मैं पूरे विश्वास के साथ कहता हूं कि आतंकवाद एक दिन पाकिस्तान को तबाह कर देगा।₹ आदित्यनाथ ने जोर देकर कहा कि पाकिस्तान के पास ₹अब ज्यादा दिन नहीं बचे हैं। वैसे भी हमारे एक पूज्य संत ने कहा था कि आध्यात्मिक जगत में पाकिस्तान का कोई अस्तित्व नहीं है। याद रखिए कि जिस चीज का अपना वास्तविक अस्तित्व नहीं है, वह बनावटी है।



> अयोध्या में भव्य राम मंदिर के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और डबल इंजन वाली सरकारों को श्रेय देते हुए आदित्यनाथ ने कहा, ₹हमें यह ध्यान रखना होगा कि चाहे व्यक्ति हो या समाज, जो रूढ़ि से हटकर चलेगा, वही कुछ नया कर पाएगा। रूढ़ि का अनुयायी बनकर न तो व्यक्ति का भला हो पाएगा और न ही हम लंबे समय तक अपना अस्तित्व बचा पाएंगे।

उन्होंने दावा किया कि ₹पाकिस्तान 75 साल से बहुत लंबा समय जी चुका है और अब उसका समय आ गया है। पाकिस्तान को उसके अपने कर्मों की सजा मिल रही है। आज भारत के वीर सैनिक पाकिस्तान को इतनी ताकत से जवाब दे रहे हैं कि हर भारतीय को गर्व होना चाहिए।

## भारत ने पाकिस्तानी विमानों के लिए अपना एयरस्पेस अब 23 जून तक किया बंद

**नई दिल्ली।**

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारतीय हवाई क्षेत्र पाकिस्तान में पंजीकृत और पाकिस्तानी एयरलाइनों/ऑपरेटरों द्वारा संचालित/स्वामित्व वाली या पट्टे पर ली गई अउऋळ२ के लिए स्वीकृत नहीं है, जिसमें सैन्य उड़ानें भी शामिल हैं। भारत ने पाकिस्तान की उड़ानों के लिए ठडळअट को एक महीने के लिए बढ़ा दिया है। यह 23 जून, 2025 तक प्रभावी रहेगा। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारतीय हवाई क्षेत्र पाकिस्तान में पंजीकृत अउऋळ२ और पाकिस्तानी एयरलाइनों/ऑपरेटरों द्वारा संचालित/स्वामित्व वाली या पट्टे पर ली गई अउऋळ२ के लिए स्वीकृत नहीं है, जिसमें सैन्य उड़ानें भी शामिल हैं। दूसरी ओर खराब मौसम के दौरान



इंडिगो की फ्लाइट को अपने हवाई क्षेत्र में प्रवेश की अनुमति देने से इनकार करने की खबर सामने आने के एक दिन बाद, पाकिस्तान ने शुक्रवार को भारतीय विमानवाहकों पर अपने प्रतिबंध को एक महीने के लिए और बढ़ा दिया है। भारतीय विमानों और विमानवाहकों के लिए पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र को बंद करने की अवधि को एक महीने के लिए और बढ़ा दिया गया है, जो अब 24 जून की सुबह समाप्त होने वाला है। शुक्रवार को पाकिस्तान के विमानन अधिकारियों द्वारा जारी किए गए नए नोटिस टू एयरमेन के माध्यम से इस जानकारी की आधिकारिक पुष्टि की गई।

## 'मातृत्व अवकाश लेना महिलाओं का अधिकार': सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि मातृत्व अवकाश लेना महिलाओं का अधिकार है। यह मातृत्व का अभिन्न हिस्सा है। सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाई कोर्ट के निर्णय को खारिज करते हुए कहा कि महिला अपने पहले विवाह से दो बच्चों के बावजूद तीसरे बच्चे के लिए मातृत्व अवकाश की हकदार है। हाईकोर्ट ने तमिलनाडु की सरकारी स्कूल की एक शिक्षिका को मातृत्व अवकाश देने से इनकार कर दिया था। जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा, पूरी दुनिया में मां बनने के अधिकारों को मान्यता दी गई है, जिसमें मातृत्व लाभ शामिल हैं। मातृत्व अवकाश मातृत्व



लाभ का अभिन्न हिस्सा है। अदालत ने संविधान के अनुच्छेद 21 के व्यापक दायरे पर जोर दिया, जो जीवन के अधिकार की गारंटी देता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, अनुच्छेद 21 के तहत जीवन का अर्थ जीवन के पूर्ण अर्थ से है। जीवन के अधिकार में स्वास्थ्य का अधिकार, गरिमा के साथ जीने का अधिकार और गोपनीयता का अधिकार भी शामिल है। अदालत ने अनुच्छेद 42 का भी उल्लेख किया, जिसमें कार्य की न्यायपूर्ण और मानवता के अनुकूल परिस्थितियों और मातृत्व राहत के प्रविधान हैं।

## जर्मनी के हैम्बर्ग में रेलवे स्टेशन पर चाकू से हमला, मची अफरातफरी; 12 लोग घायल



**बर्लिन।** जर्मनी में शुक्रवार शाम को हैंम्बर्ग स्टेशन पर एक सिरफिरे ने चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में 12 लोग घायल हो गए। स्थानीय पुलिस ने पुष्टि की कि उन्होंने संदिग्ध हमलावर को गिरफ्तार कर लिया है।

स्थानीय अखबार बिल्ड के मुताबिक, तीन पीड़ितों की हालत गंभीर है, तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हैं और छह लोगों को मामूली चोटें आई हैं। हमले का मकसद अभी तक स्पष्ट नहीं है। हैम्बर्ग पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि एक व्यक्ति ने स्टेशन पर चाकू से कई लोगों को घायल करने की सूचना दी है और संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## जर्मनी के चांसलर बने फ्रेडरिक मर्ज



**बर्लिन।** जर्मनी की संसद में मंगलवार को दूसरे दौर के मतदान में जीत दर्ज करके फ्रेडरिक मर्ज देश के चांसलर बन गए। हालांकि कुछ घंटे पहले ही हुए मतदान के पहले दौर में उन्हें ऐतिहासिक हार का सामना करना पड़ा था। वह द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पहले दौर के मतदान में हारने वाले पहले चांसलर बन गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फ्रेडरिक को चांसलर बनने पर बधाई दी है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'मैं भारत और जर्मनी की सामरिक साझेदारी को और प्रगाढ़ करने के लिए मिलकर काम करने की उम्मीद करता हूं।'

## भारतीय सांसदों ने पाकिस्तान को खूब लताड़ा

**नई दिल्ली।**

भारत के संसदीय प्रतिनिधिमंडलों ने शुक्रवार को रूस, जापान और यूएई के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात कर उन्हें आतंकवाद के खिलाफ भारत के कड़े रुख से अवगत कराया तथा ऑपरेशन सिंदूर के बाद आतंकवाद से लड़ाई और कट्टरपंथ से निपटने में सहयोग बढ़ाने पर विचारों का आदान-प्रदान किया। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद विरोधी लड़ाई पर रूस के साथ व्यापक चर्चा की और ऑपरेशन सिंदूर के बारे में रूसी पक्ष को जानकारी दी। रूस ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोनों देश एक साथ हैं। तीन यूरोपीय देशों की यात्रा कर रहे विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा-टीम इंडिया ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एक मजबूत और एकीकृत संदेश भेजा है। द्रमुक सांसद कनिमोझी के नेतृत्व में सांसदों का प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के बारे में अंतरराष्ट्रीय समुदाय को अवगत कराने के लिए पांच देशों की यात्रा के पहले चरण में इस समय रूस में है। ऊटङ सांसद कनिमोझी ने रूस में कहा कि हम अपना रुख स्पष्ट करने के लिए यहां आए हैं। इस प्रतिनिधिमंडल का रूस में होना बहुत महत्वपूर्ण है। रूस हमेशा से भारत के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार रहा है। 80 वर्षों से हमारे बीच बहुत मजबूत द्विपक्षीय संबंध रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें लगता है कि रूस से संपर्क करके अपनी स्थिति स्पष्ट करना और इस महत्वपूर्ण क्षण में उनका समर्थन मांगना बहुत महत्वपूर्ण है।

> आतंकवाद से लड़ाई में भारत को मिला रूस का साथ



## अग्निवीर को बचाने के लिए नदी में कूदे सिक्किम स्काउट्स के लेफ्टिनेंट

**सिलीगुड़ी।** सिक्किम में एक सैन्य अभियान के दौरान अग्निवीर को बचाने के क्रम में सिक्किम स्काउट्स के लेफ्टिनेंट शशांक तिवारी बलिदान हो गए। 22 मई की सुबह लगभग 11 बजे यह घटना हुई। उन्होंने अपने सहयोगी सैनिक की जान बचाने के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। सेना ने एक बयान जारी कर बताया है कि लेफ्टिनेंट शशांक एक रूट ओपनिंग पेट्रोल टीम का नेतृत्व कर रहे थे।


## चुनाव कराने को लेकर अलग-थलग पड़े मोहम्मद युनूस, तख्तापलट की आशंका



**नई दिल्ली।**

भारत के हितों के खिलाफ लगातार कदम उठा रहे बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस अब वहां के राजनीतिक दलों के साथ ही बांग्लादेश सेना के निशाने पर हैं। वजह यह है कि यूनुस बांग्लादेश में आगामी आम चुनाव कराने को लेकर अभी तक कोई स्पष्ट राय नहीं बना पाये हैं। एक तरफ बांग्लादेश की प्रमुख राजनीतिक पार्टी बीएनबी और पूर्व पीएम शेख हसीना की लोकतांत्रिक सरकार को सत्ता से हटाने में अहम भूमिका निभाने वाली इस्लामिक छात्र नेता जहां इस साल के अंत तक ही चुनाव कराने की मांग कर रहे हैं वहीं यूनुस इसे अगले साल तक टालने की बात कर रहे हैं। अब बांग्लादेश सेना के प्रमुख जनरल वकार-उज-जमान ने भी दिसंबर, 2025 तक चुनाव कराने की साफ मांग कर दी है। पूरी तरह से अलग-थलग पड़ चुके कार्यवाहक सरकार के मुखिया यूनुस का भविष्य में अधर में पड़ता दिख रहा है। भारत ने वहां के आंतरिक हालात पर कोई टिप्पणी नहीं की है लेकिन पूरी स्थिति पर पैनी नजर बना कर रखा गया है। गुरुवार को नवगठित राजनीतिक पार्टी नेशनल सिटीजन पार्टी के मुखिया नाहिद इस्लाम ने यूनुस से मुलाकात की थी। यूनुस से मुलाकात के बाद इस्लाम ने कहा कि, ह्नप्रोफेसर यूनुस काफी विचलित हैं। वह मानते हैं कि व्यवस्था में सुधार करने और साफ-सुथरे तरीके से चुनाव कराने का काम अगर वह नहीं कर पाते हैं तो उन्हें यह पद छोड़ना पड़ सकता है।

## 'परमाणु हथियार की धमकी बर्दाश्त नहीं करेंगे': जयशंकर



**नई दिल्ली।**

भारत आतंकवाद को बिल्कुल भी बर्दाश्त न करने की नीति पर चल रहा है और आगे भी इसी पर चलेगा। विश्व के सामने आतंकवाद वैसी ही बड़ी समस्या है जैसी वातावरण में हो रहा बदलाव और तेजी से बढ़ रही गरीबी है। भारत परमाणु हथियारों के इस्तेमाल को लेकर ब्लैकमेल की कोशिश को बर्दाश्त नहीं करेगा। इतना ही नहीं भारत पाकिस्तान के साथ अपने मसले द्विपक्षीय ही रखेगा, इसे लेकर किसी को गलतफहमी नहीं होनी चाहिए। यह बात विदेश मंत्री एस जयशंकर ने विदेश मंत्री जयशंकर ने जर्मन समकक्ष जोहान वाडेफुल के साथ बर्लिन में संयुक्त प्रेस कान्फ्रेंस में कही। जयशंकर ने कहा, पाकिस्तान भारत की जम्मू-कश्मीर से लगने वाली सीमा का 1947 से लगातार उल्लंघन कर रहा है। यह सिलसिला लगभग आठ दशकों से चल रहा है भले ही पाकिस्तान में सैन्य सरकार रही हो या लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकार। पाकिस्तान ने आतंकवाद को भारत के खिलाफ हथियार के रूप में इस्तेमाल किया है। भारत ने दशकों तक संयम बरतने के बाद ऑपरेशन सिंदूर के जरिये आतंकवाद को मजबूती से जवाब दिया है। यह अभी स्थगित हुआ है, खत्म नहीं हुआ। इससे पहले डेनमार्क के अखबार पोलिटीकेन को दिए इंटरव्यू में जयशंकर ने पाकिस्तान में सैन्य शासन और लोकतंत्र को कमजोर करने का जितना समर्थन पश्चिमी देशों ने किया उतना किसी अन्य ने नहीं किया। पश्चिमी देशों का यह रुख लंबे समय तक कायम रहा। विदेश मंत्री ने कहा, पश्चिमी देशों ने पाकिस्तान में लगभग आधे समय रही सैन्य तानाशाही का भी उसी तरह से समर्थन किया जैसे कि वे चुनी हुई सरकार को करते हैं। यह सब यूरोप के लोकतांत्रिक देशों में होता रहा।

## 'आतंकियों पर हमले को खुद पर अटैक मानता है पाकिस्तान': अमित शाह



**नई दिल्ली।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में 22वें सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) अलंकरण समारोह में संबोधित करते हुए ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत ने केवल पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया।

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा, ₹ऑपरेशन सिंदूर तब हुआ जब हमारे प्रधानमंत्री की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति, हमारी खुफिया एजेंसियों की सटीक जानकारी और सेना की मारक क्षमता का अद्भुत प्रदर्शन एक साथ आए। पाकिस्तान ने कई बड़ी घटनाओं को वर्षों से अंजाम दिया है, लेकिन उसे उचित जवाब नहीं दिया गया...2014 में नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने, भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार बनी और पहला बड़ा हमला उरी में हमारे सैनिकों पर हुआ।

> अमित शाह बोले, ₹पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों ने बेकसूर लोगों को उनके परिवारों के सामने उनका धर्म पूछकर मार दिया गया। ऑपरेशन सिंदूर उस हमले का जवाब है और आज दुनिया ने भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता की भूरी–भूरी प्रशंसा की है।

## संपादक की कलम से

# गर्म सिंदूर वाला लहू


ललित शर्मा
संपादक

पहलगाम नरसंहार को एक माह बीत चुका है। उन मासूम, बेगुनाह लोगों के हत्यारे और बहन-बेटियों का सिंदूर उजाडे वाले पापी कहां हैं, यह सहज सवाल हमारे भीतर भी खदबदा रहा है। हम देश की सेना और सुरक्षा बलों के साहस, पराक्रम और जांच पर रत्ती भर भी सवाल नहीं कर रहे हैं। उन्होंने 3000 संदिग्धों या आतंकियों के "जयचंदों" से पूछताछ कर सुराग टटोलने की कोशिशें की हैं। कुछ गिरफ्तारियां भी की गई हैं। बीते 10-12 दिनों में कुछ आतंकियों और घुसपैठियों को ढेर भी किया गया है। यह आलेख लिखने तक जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में सेना और सुरक्षा बलों ने कुछ आतंकियों की घेराबंदी की थी और मुठभेड़ जारी थी। खुफिया लीड थी कि जैश-ए-मुहम्मद के 3-4 आतंकी उस इलाके के जंगलों में छिपे हैं। दरअसल पहलगाम नरसंहार आज भी एक जिंदा और प्रासंगिक मुद्दा है। उसी के संदर्भ में प्रधानमंत्री मोदी ने बीकानेर में लोगों को संबोधित करते हुए जो रौद्र रूप दिखाया है, वह अभूतपूर्व है और उसमें पहलगाम में सिंदूर मिटाने, उजाडे की चिंता और आक्रोश भी निहित है। प्रधानमंत्री इसे गुस्सा या आक्रोश ही नहीं मानते, बल्कि समर्थ भारत का रौद्र रूप और न्याय का नया स्वरूप मानते हैं और यही "ऑपरेशन सिंदूर" है। प्रधानमंत्री ने यहां तक कहा कि उनकी रगों में लहू नहीं, गर्म सिंदूर बह रहा है। "जो सिंदूर मिटाने निकले थे, उन्हें मिट्टी में मिलाया है। "जब सिंदूर बारूद बन जाता है, तो उसके क्या नतीजे होते हैं, यह दुश्मन ने देख लिया है।" प्रधानमंत्री मोदी के ये शब्द अभिधात्मक नहीं हैं, बल्कि सिंदूर के प्रतीक के तौर पर लाक्षणिक हैं। प्रधानमंत्री अब भी पहलगाम और सिंदूर की त्रासदियों से जुड़े हैं। यह राजनीति नहीं है। कोई भी चुनाव सामने नहीं है। बिहार और राजस्थान के बीच व्यापक दूरियां हैं। बीकानेर के एयरबेस से कुछ ही दूरी पर, सीमापार, पाकिस्तान का रहीम यार एयरबेस है, जो ध्वस्त होने के बाद आईसीयू में पड़ा है। न जाने अब वह कब खुलेगा। प्रधानमंत्री ने देश को बताया है कि सिंदूर उजाडे का बदला लिया जा चुका है, प्रण पूरा किया गया है। प्रधानमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि अब कोई आतंकी हमला भारत पर किया जाएगा, तो उसका करारा जवाब दिया जाएगा। हम आतंक और उसके सरपरस्तों को अलग-अलग नहीं समझेंगे, लिहाजा करारा जवाब पाकिस्तान, उसकी फौज और अर्थव्यवस्था को भी झेलना पड़ेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान को यहां तक चेतावनी दी है कि उसे पाई-पाई को मोहताज कर दिया जाएगा। विडंबना यह है कि प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस प्रधानमंत्री के संबोधन और सरोकारों को "फिल्मी डॉयलॉग" करार दे रही है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री खोखले भाषण देना बंद करें। कैमरे के सामने ही आपका लहू गर्म क्यों होने लगता है? कांग्रेस लगातार सवाल दाग रही है कि जब हालिया संघर्ष में भारत ने पाकिस्तान का बहुत कुछ तबाह कर दिया था, तो अचानक युद्धविराम क्यों किया गया? अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप के दबाव में युद्धविराम क्यों किया गया? आखिर हम पीओके तक पहुंच कर उसे वापस लेने में नाकाम क्यों रहे? ऐसे कई सवाल हैं, जिनके जवाब विदेश मंत्रालय और हमारे डीजीएमओ दे चुके हैं। दरअसल आज के संदर्भ में 1971 का भारत-पाक युद्ध और तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी भी प्रासंगिक हैं।

# किशोरों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति गंभीर चुनौती


ललित गर्ग

भारतीय बच्चों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति एवं क्रूर मानसिकता चिन्ताजनक है, नये भारत एवं विकसित भारत के भाल पर यह बदनुमा दाग है। पिछले कुछ समय से स्कूली बच्चों में बढ़ती हिंसा की प्रवृत्ति निश्चित रूप से डरावनी, मर्मांतक एवं खौफनाक है। चिंता का बड़ा कारण इसलिए भी है क्योंकि जिस उम्र में बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास की नींव रखी जाती है, उसी उम्र में कई बच्चों में आक्रामकता एवं क्रूर मानसिकता घर करने लगी है और उनका व्यवहार हिंसक होता जा रहा है। कैथल जनपद के गांव धनौरी में दो किशोरों की निर्मम एवं क्रूर हत्या की हृदयविदारक घटना न केवल उद्वेलित एवं भयभीत करने वाली है बल्कि चिन्ताजनक है।

चौदह-पंद्रह साल के दो किशोरों की गला रेतकर हत्या कर देना और वह भी उनके हमउम्र साथियों द्वारा, हर संवेदनशील इंसान को हिला देने वाली डरावनी एवं खैफनाक घटना है, जो किशोरों में पनप रहे हिंसक बर्ताव एवं हिंसक मानसिकता का घिनौना एवं घातक रूप है। जिस उम्र में बच्चों को पढ़ाई-लिखाई और खेलकूद में व्यस्त रहना चाहिए, उसमें उनमें बढ़ती आक्रामकता, हिंसा एवं क्रूरता एक अस्वाभाविक और परेशान करने वाली बात है। जाहिर है दसवीं-ग्यारहवीं के छात्रों की क्रूर हत्या हमारे समाज में बढ़ती संवेदनहीनता को भी दशार्ती है। ऐसी कई अन्य घटनाओं में स्कूल में पढ़ने वाले किसी बच्चे ने अपने सहपाठी पर चाकू या किसी घातक हथियार से हमला कर दिया और उसकी जान ले ली। अमेरिका की तर्ज पर भारत के बच्चों में हिंसक मानसिकता का पनपना हमारी शिक्षा, पारिवारिक एवं सामाजिक संरचना पर कई सवाल खड़े करती है। जैसाकि घटना से संबंधित तथ्यों में बताया गया कि हत्या में शामिल युवक धनौरी गांव के ही थे और कुछ दिन पहले किशोरों को धमकाने उनके घर आए थे। मारे गए किशोरों पर हत्या आरोपियों ने आरोप लगाया था कि वे उनकी बहनों से छेड़खानी करते थे। निश्चय ही ऐसे छेड़खानी के कथित आरोप को नैतिक दृष्टि से अनुचित ही कहा जाएगा, लेकिन उसका बदला हत्या कदापि नहीं हो सकती। यह दुखद है कि एक मृतक किशोर अरमान पांच बहनों का अकेला भाई था। घटना से उपजी त्रासदी से अरमान के परिवार पर हुए वज्रपात को सहज महसूस किया जा सकता है। उनके लिये जीवनभर न भुलाया जा सकने वाला दुख एवं संत्रास पैदा हुआ है। बड़ा सवाल है कि जिन वजहों से बच्चों के भीतर आक्रामकता एवं हिंसा पैदा हो रही है, उससे निपटने के लिए क्या किया जा रहा है? पाठ्यक्रमों का स्वरूप, पढ़ाई-लिखाई के तौर-तरीके, बच्चों के साथ घर से लेकर स्कूलों में हो रहा व्यवहार, उनकी रोजमर्रा की गतिविधियों का दायरा, संगति, सोशल मीडिया या टीवी से लेकर सिनेमा तक उसकी सोच-समझ को प्रभावित करने वाले अन्य कारकों से तैयार होने वाली उनकी मनःस्थितियों के बारे में सरकार, समाजकर्मी एवं अभिभावक क्या समाधान खोज रहे हैं। बच्चों के व्यवहार और उनके भीतर घर करती प्रवृत्तियों पर मनोवैज्ञानिक पहलू से विचार किए बिना



समस्या को कैसे दूर किया जा सकेगा? बहरहाल, इस हृदयविदारक एवं त्रासद घटना ने नयी बन रही समाज एवं परिवार व्यवस्था पर अनेक सवाल खड़े किये हैं। सवाल नये बन रहे समाज की नैतिकता एवं चरित्र से भी जुड़े हैं। निश्चित ही किसी परिवार की उम्मीदों का यूं कत्ल होना मर्मांतक एवं खौफनाक ही है। लेकिन सवाल ये है कि चौदह-पंद्रह साल के किशोरों पर यूं किन्हीं लड़कियों को छेड़ने के आरोप क्यों लग रहे हैं? पढ़ने-लिखने की उम्र में ये सोच कहां से आ रही है? क्यों हमारे अभिभावक बच्चों को ऐसे संस्कार नहीं दे पा रहे हैं ताकि वे किसी की बेटी व बहन को यूं परेशान न करें? क्यों लड़कियों से छेड़छाड़ की अश्लील एवं कामूक घटनाएं बढ़ रही है। क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था में नैतिक शिक्षा का वह पक्ष उपेक्षित हो चला है, जो उन्हें ऐसा करने से रोकता है? क्या शिक्षक छात्रों को सदाचारी व नैतिक मूल्यों का जीवन जीने की प्रेरणा देने में विफल हो रहे हैं? हत्या की घटना हत्यारों की मानसिकता पर भी सवाल उठाती है कि उन्होंने क्यों सोच लिया कि छेड़खानी का बदला हिंसा एवं क्रूरता से गला काटना हो सकता है? धनौरी की घटना के पूरे मामले की पुलिस अपने तरीके से जांच करेगी, लेकिन किशोर अवस्था में ऐसी घटना को अंजाम देने के पीछे बच्चे की मानसिकता का पता लगाना भी ज्यादा जरूरी है। दरअसल, दशकों तक बॉलीवुड की हिंदी फिल्मों ने समाज एवं विशेषतः किशोर पीढ़ी में जिस अपसंस्कृति का प्रसार किया, आज हमारा समाज उसकी त्रासदी झेल रहा है। इसमें दो राय नहीं कि किशोरवय में राह भटकने का खतरा ज्यादा रहता है। अब तक हिन्दी सिनेमा से समाज के किशोरवय और युवाओं में गलत संदेश गया कि निजी जीवन में छेड़खानी ही प्रेम कहानी में तब्दील हो सकती है। हमारे टीवी धारावाहिकों की संवेदनहीनता ने गुमराह किया है। बॉक्स आफिस की सफलता और टीआरपी के खेल ने मनोरंजक कार्यक्रमों में ऐसी नकारात्मकता एवं हिंसक प्रवृत्ति भर दी कि किशोरों में हिंसक एवं अराजक सोच पैदा हुई। इंटरनेट के विस्तार और सोशल मीडिया के प्रसार से स्वच्छंद यौन व्यवहार का ऐसा अराजक एवं अनियंत्रित रूप सामने आया कि जिसने किशोरों व युवकों को पथभ्रष्ट एवं दिग्भ्रमित करना शुरू कर दिया। आज संकट ये है कि हर किशोर के हाथ में आया मोबाइल उसे समय से पहले वयस्क बना रहा है। जिस पर न परिवार का नियंत्रण है और न ही शिक्षकों का। मन जो चाहे वही करो की मानसिकता वहां पनपती है जहां इंसानी रिश्तों के मूल्य समाप्त हो चुके होते हैं, जहां व्यक्तिवादी व्यवस्था में बच्चे बड़े होते-होते स्वछन्द हो जाते हैं। अर्थप्रधान दुनिया में माता-पिता के पास बच्चों के साथ बिताने के लिए समय ही नहीं बच पा रहा। आज किशोरों एवं युवाओं को प्रभावित करने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व नये-नये एप पश्चिमी अपसंस्कृति से संचालित हैं। इन पर अश्लीलता और यौन-विकृतियों वाले कार्यक्रमों का बोलबाला है। ऐसे कार्यक्रमों की बाढ़ हैं जिनमें हमारे पारिवारिक व सामाजिक रिश्तों में स्वच्छंद यौन व्यवहार को हकीकत बनाने का खेल चल रहा है। पारिवारिक एवं सामाजिक उदासीनता एवं संवादहीनता से ऐसे बच्चों के पास सही जीने का शिष्ट एवं अहिंसक सलीका नहीं होता।

वक्त की पहचान नहीं होती। ऐसे बच्चों में मान-मयार्दा, शिष्टाचार, संबंधों की आत्मीयता, शांतिपूर्ण सहजीवन आदि का कोई खास ख्याल नहीं रहता। भौतिक सुख-सुविधाएं एवं यौनाचार ही जीवन का अंतिम लक्ष्य बन जाता है। भारतीय बच्चों में इस तरह का एकाकीपन उनमें गहरी हताशा, तीव्र आक्रोश और विषैले प्रतिशोध का भाव भर रहा है। वे मानसिक तौर पर बीमार बन रहे हैं, वे आत्मघाती-हिंसक बन रहे हैं और अपने पास उपलब्ध खतरनाक एवं घातक हथियारों का इस्तेमाल कर हत्याकांड कर बैठते हैं। ऑस्ट्रिया के क्लागेनफर्ट विश्वविद्यालय की ओर से किशोरों पर किए गए अध्ययन में पता चला है कि दुनिया भर में 35.8 प्रतिशत से ज्यादा किशोर मानसिक तनाव, अनिद्रा, अकारण भय, पारिवारिक अथवा सामाजिक हिंसा, चिड़चिड़ापन अथवा अन्य कारणों से जूझ रहे हैं। एकाकीपन बढ़ने से वे ज्यादा आक्रामक और विध्वंसक सोच की तरफ बढ़ने लगे हैं। मोबाइल व कथित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बह रहे नीले जहर से किशोर अराजक यौन व्यवहार एवं हिंसक प्रवृत्तियों की तरफ उन्मुख हुए हैं। किशोरों को समझाने वाला कोई नहीं है कि यह रास्ता आत्मघात का है। आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड व ब्रिटेन जैसे देश किशोरों को मोबाइल से दूर रखने हेतु कानून बना रहे हैं। हमारे देश में भी शीर्ष अदालत ने समय-समय पर ऐसी घटनाओं पर तल्ख टिप्पणियां की हैं। क्या इन दर्दनाक घटनाओं से हमारे अभिभावकों, समाज-निमार्ताओं एवं हमारे सत्ताधीशों की आंख खुलेगी? बच्चों से जुड़ी हिंसा की इन वीभत्स एवं त्रासद घटनाओं से जिन्दगी सहम गयी है। हमें मानवीय मूल्यों के लिहाज से भी विकास एवं नयी समाज-व्यवस्था की परख करनी होगी। बच्चों के भीतर हिंसा मनोरंजन की जगह ले रही है। इसी का नतीजा है कि छोटे-छोटे स्कूली बच्चे भी अपने किसी सहपाठी की हत्या तक कर रहे हैं। बच्चों के व्यवहार और उनके भीतर घर करती प्रवृत्तियों पर मनोवैज्ञानिक पहलू से विचार किए बिना समस्या को कैसे दूर किया जा सकेगा?

## डॉ.राजीव डोगरा



### असहजता

कविता

संघर्ष है तो हारने के डर से
फिर विराम क्यों?
राम है तो औरों से
फिर काम क्यों?
ज्ञान है तो फिर अज्ञानता का
भार क्यों?
जीत की तलब है तो फिर
हार का खौफ क्यों?
अजनबी हूँ तो फिर इतना
अपनापन क्यों?
अहम है तो फिर वहम भरी
बातें क्यों?
सहज हो तो फिर व्यवहार में
असहजता क्यों?
ज्ञात है सब तो फिर अज्ञात का
बोध क्यों?
जीवंत हो तो फिर मरण से
भय क्यों?

# शॉर्टकट नहीं, स्मार्ट चॉइस से घटाएं वजन, एक्सपर्ट से जानें क्या करें और क्या नहीं



वजन घटाने के लिए इंटरनेट पर कई तरीके मिलते हैं, लेकिन सही जानकारी और संतुलित खानपान और जीवनशैली पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है। फिटनेस कोच भाविका पटेल ने वजन घटाने से जुड़ी 5 आम गलतियों के बारे में बताया है, जिनमें शामिल हैं, अधिक सब्ज़ियाँ खाने से वजन कम होने की गारंटी नहीं है, दाल पर पूरी तरह से निर्भर रहना प्रोटीन के लिए सही नहीं है, वजन घटाना घर पर खाने या बाहर खाने पर नहीं बल्कि कैलोरी की कमी पर निर्भर करता है। वजन घटाने के ढेरों उपाय इंटरनेट पर मिलते हैं, जिससे यह तय करना मुश्किल हो जाता है कि कौन सा तरीका सच में असरदार है। इस भ्रम में पडने की बजाय अगर आप संतुलित खानपान और बेहतर जीवनशैली की ओर ध्यान दें, तो अपने फिटनेस लक्ष्यों तक पहुंचना ज्यादा आसान हो सकता है। सही जानकारी के साथ आगे बढना और आमतौर पर की जाने वाली गलतियों से बचना न केवल आपका समय बचाएगा, बल्कि बेहतर और टिकाऊ परिणाम भी देगा।

1. ज्यादा सब्जियां, ज्यादा वजन घटाना नहीं: अधिक सब्जियां खाने से वजन कम होने की गारंटी नहीं है, खासकर यदि आप पकी हुई सब्जियों का सेवन 300 ग्राम से अधिक करते हैं। अधिक फाइबर पानी के जमाव का कारण बन सकता है।

2. दाल पर निर्भरता: दाल में कार्ब्स होते हैं और इसे पचाना मुश्किल हो सकता है, इसलिए प्रोटीन के लिए इस पर पूरी तरह से निर्भर रहना सबसे अच्छा विकल्प नहीं है। अधिक कार्ब्स वजन घटाने की प्रक्रिया को धीमा कर सकते हैं।

3. घर का खाना और वजन घटाना: वजन घटाना घर पर खाने या बाहर खाने पर निर्भर नहीं करता, बल्कि कैलोरी की कमी पर निर्भर करता है। अपने खाने को स्केल से नापकर ट्रैक पर बने रहें।

4. ज्यादा कसरत, ज्यादा वजन घटाना नहीं: व्यायाम मांसपेशियों के निर्माण और चयापचय को बढावा देने में मदद करता है, लेकिन वजन घटाना अंततः कैलोरी की कमी को बनाए रखने पर निर्भर करता है। दोनों को संतुलित करना महत्वपूर्ण है।

5. अभाव और अत्यधिक खाने की आदत: अपने आप को बहुत ज्यादा सीमित रखने से अत्यधिक खाने की आदत पड सकती है। इसके बजाय, प्राचीन सुपरफूड को शामिल करके संतुलन लाने का प्रयास करें और बिना वंचित महसूस किए अपने शरीर को डिटॉक्स करें।

# गुजरात घूमने का बना रहे प्लान तो इन जगहों को करें एक्सप्लोर, ट्रिप होगी यादगार

गुजरात में कई ऐसी जगहें हैं, जिसको देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। ऐसे में अगर आप इन फेमस जगहों पर घूमने नहीं जाते हैं, तो आपको यकीनन अफसोस होगा। ऐसे में आज हम आपको गुजरात की कुछ फेमस जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। गुजरात घूमने जा रहे लोगों के लिए जरूरी है कि वह वहां के फेमस टूरिस्ट स्पॉट घूमने जरूर जाएं। क्योंकि जब भी आप किसी जगह पर घूमने के लिए जाते हैं।

तो सबसे पहले आपके दिमाग में वही लोकेशन आती हैं। जिनके बारे में वह शहर जाना जाता है। गुजरात में कई ऐसी जगहें हैं, जिसको देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। ऐसे में अगर आप इन फेमस जगहों पर घूमने नहीं जाते हैं, तो आपको यकीनन अफसोस होगा। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गुजरात की कुछ फेमस जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। ऐसे में आपको गुजरात की इन फेमस जगहों पर घूमने जरूर जाना चाहिए।

**गिर राष्ट्रीय उद्यान**

गिर राष्ट्रीय उद्यान भारत के फेमस उद्यानों में से एक है। इसको देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। गिर राष्ट्रीय उद्यान एशिया में सिंहों का एकमात्र निवास स्थान माना जाता है। यहां पर आप सफारी का भी आनंद ले सकते हैं। वहीं इस उद्यान में आपको कई तरह के प्रजातियों वाले जीव देखने को मिलेंगे। ऐसे में गुजरात आने के बाद आपको यहां जरूर आना चाहिए।

**सोमनाथ मंदिर**

आपको सोमनाथ मंदिर के भी दर्शन के लिए जाना चाहिए। यह भारत के प्राचीन और ऐतिहासिक शिव मंदिरों में से एक है। भगवान शिव के भक्त दूर-दूर से इस मंदिर में दर्शन के लिए आते हैं। यह मंदिर शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है। अरब सागर के तट पर स्थिति यह मंदिर खूबसूरत होने के साथ चमत्कारी भी माना जाता है। बताया जाता है कि सोमनाथ मंदिर में सच्चे मन से दर्शन करने वाले लोगों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। यह परिवार के साथ घूमने के लिए अच्छी जगहों में से एक है।

**स्टैच्यू ऑफ यूनिटी**

बता दें कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की 182 मीटर ऊंची भव्य प्रतिमा देश की सबसे बड़ी प्रतिमाओं में से एक है। साल 2018 में पीएम मोदी ने इसका उद्घाटन किया था। यह गुजरात का फेमस टूरिस्ट स्पॉट है। यहां का सुंदर नजारा काफी आकर्षित करता है। ऐसे में आप यदि गुजरात आ रहे हैं, तो आपको यहां आना अच्छा लगेगा।



स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# समर कैंप में छात्र छात्राओं ने सिखा मूर्तिकला का कौशल

वेलकम इंडिया




**संत कबीर नगर।** उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर ए. एच. एग्री. इंटर कालेज दुधारा में आयोजित समर कैंप के तीसरे दिन मूर्ति निर्माण कला कौशल का ज्ञान दिया गया। मूर्तिकार दुर्गेश ने माटी कला का शानदार प्रदर्शन करते हुए बच्चों को शेर, कबूतर, हाथी, घोड़े व वर्तन निर्माण की कला सिखाई। आकृति निर्माण से पूर्व मिट्टी निर्माण की कला सिखाई। योग शिविर के तृतीय दिवस की अध्यक्षता प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी व संचालन कमरे आलम सिद्दीकी ने किया। समर कैंप में प्रारंभ में शिक्षक जुबैर अहमद ने बच्चों को योगाभ्यास कराया। बच्चों को मयूर आसान, बज्र आसान, वृक्ष आसान, सूर्य नमस्कार व प्राणायाम के तरीकों की जानकारी दी और उनसे अभ्यास भी कराया गया। बच्चों को रस्सी कूद, सायकिल रेस और खो खो की भी प्रैक्टिस कराई गई। शिक्षक मुहम्मद परवेज अख्तर ने छात्र छात्राओं को रंगोली बनाने के तरीके सिखाए। बच्चों की चार टीम बनाकर रंगोली की प्रतियोगिता कराई गई। विजेता प्रतिभागियों की सूची समापन पर घोषित की जाएगी। समर कैंप के प्रभारी शिक्षक कमरे आलम सिद्दीकी ने बताया कि शनिवार को कैरियर गाइडेंस का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए कई एक्सपर्ड शिक्षक को आमंत्रित किया गया है। समर कैंप में बच्चों की रुचि को देखते हुए प्रति दिन विविधता के साथ साथ नए कौशल सिखाए जा रहे है। इस दौरान प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी, मुहम्मद इस्तियाक, फसीयुद्दीन, कमरे आलम सिद्दीकी, अब्दुल सलाम, मुहम्मद शाहिद, जुबैर अहमद, मुहम्मद परवेज अख्तर, मुहम्मद युनुस, औबेदुल्लाह, ओजैर अहमद, सबीह अहमद, असादुल्लाह, जुनैद अहमद, रफी अहमद सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# राजकीय कन्या इंटर कॉलेज खलीलाबाद में समर कैंप के तीसरे दिन

वेलकम इंडिया




**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर राजकीय कन्या इंटर कॉलेज खलीलाबाद में आयोजित समर कैंप के तीसरे दिन मूर्ति निर्माण कला व डिजाइन कौशल का ज्ञान दिया गया। शिविर के तृतीय दिवस की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ. सबीहा मुमताज ने किया। अपर परियोजना निदेशक के नवीन निदेर्शानुसार भाषा उत्सव संबंधी गतिविधियों को अन्य गतिविधियों के साथ सम्मिलित किया गया तथा योगाभ्यास एवं व्यायाम के साथ-साथ बच्चों को माटी कला, तथा कई प्रांतों की रंगोलियां... जैसे बिहार की अरिपन रंगोली, राजस्थान की मांडना रंगोली, बंगाल की अल्पना, उत्तराखंड की ऐपन, उड़ीसा की, दक्षिण भारत की कोल्लम रंगोली इत्यादि बनवाई गई जिसमें पारंपरिक डिजाइन, ज्यामितिक डिजाइन, प्राकृतिक रंगों का प्रयोग, फूलों का प्रयोग, चावल के आटे का प्रयोग तथा गुलाल का प्रयोग किया गया। प्राकृतिक चीजों से निर्मित सस्टेनेबल रंगोली भी बच्चों से बनवाई गई। सैंड आर्ट में बच्चों ने शिवजी तथा गणेश जी का चित्र उकेरा तथा विद्यालय का नाम लिखा।

## भारतीय सेना ने जिस पराक्रम का परिचय दिया है हमें अपनी भारतीय सेना पर गर्व है- जुबेर अहमद शाह



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** पहलगाम में आतंकवादी हमले के विरोध में भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिन्दूर के तहत मुंहतोड़ जवाब देने पर शुक्रवार को राष्ट्रवादी मुस्लिम पसमांदा महाज के जिला प्रभारी जुबेर अहमद शाह के नेतृत्व में चिउटना चौराहे पर तिरंगा यात्रा निकाला गया। इस दौरान राष्ट्रवादी मुस्लिम पसमांदा महाज के जिला प्रभारी जुबेर अहमद शाह ने कहा कि भारतीय सेना ने जिस पराक्रम का परिचय दिया है हमें अपनी भारतीय सेना पर गर्व है। हमारी भारतीय सेना विश्व की सबसे सशक्त सेनाओं में एक है। हमारे देश की बेटियों कर्नल सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह ने जिस बहादुरी का परिचय दिया उससे देश का हर नागरिक खुश है। हमें अपनी बेटियों पर गर्व है। इस अवसर पर धनन्जय पाण्डेय क्षेत्रीय संयोजक, अत्रेश श्रीवास्तव क्षेत्रीय सह संयोजक,गौरव निषाद संयोजक, मो.अशरफ जिला उपाध्यक्ष, जुबेर अहमद,अब्दुल वहीद जिला उपाध्यक्ष,तनवीर शाह जिला उपाध्यक्ष,फिरोज अहमद, जिला उपाध्यक्ष,आफताब आलम, सोनू,हमीदुल्लाह,वहाबुद्दीन आदि मौजूद रहे।

# अंग्रेजी वैश्विक भाषा है जो व्यवसाय, शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है: मसूद अहमद

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** विकास खंड सेमरियावा के गांव पैड़ी में नेशनल इंस्टीट्यूट आफ इंग्लिश लैंग्वेज का उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे। सेमरियावां ब्लाक क्षेत्र के पैड़ी में नेशनल इंस्टीट्यूट आफ इंग्लिश लैंग्वेज सेंटर का मूड़ाडिहा खुर्द के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मसूद अहमद ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में अंग्रेजी का महत्व बहुत अधिक है। यह एक वैश्विक भाषा है जो व्यवसाय, शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अंग्रेजी जानने से आपको दुनिया भर के लोगों के साथ संवाद करने, विभिन्न संस्कृतियों को समझने और अधिक अवसर प्राप्त करने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी वर्तमान समय में एक महत्वपूर्ण भाषा है जो विभिन्न क्षेत्रों में सफलता और व्यक्तिगत विकास के लिए आवश्यक है। मैनेजमेंट एग्जीक्यूटिव मेराज अहमद ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करने के लिये सेंटर हर स्तर पर तैयार है। कक्षा-6 से स्नातक के विद्यार्थियों को 90 घंटों में अंग्रेजी बोलना सिखाया जायेगा। इस अवसर पर एग्जीक्यूटिव ऑफ इंग्लिश लैंग्वेज अफजल अंसारी, लडऊ वसीम शेख, इरशाद अहमद, अरशद जमाल, मुहम्मद कासिम, बशीर अहमद सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## योगेंद्रनाथ शर्मा 'अरुण' के नाम पर द्वार बनाने की घोषणा का स्वागत!



वेलकम इंडिया

रुड़की-विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ के उपकुलपति डॉ श्रीगोपाल नारसन ने हाल ही में दिवंगत हुए वरिष्ठ साहित्यकार डॉ योगेन्द्रनाथ शर्मा 'अरुण' के नाम पर रुड़की में एक द्वार का निर्माण व एक मार्ग का नामकरण करने की घोषणा का स्वागत किया है।उन्होंने इसके लिए पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमेश पोखरियाल निशंक व रुड़की विधायक प्रदीप बत्रा का आभार व्यक्त किया है।डॉ अरुण की श्रद्धांजलि सभा मे उक्त नेताओं द्वारा उक्त घोषणा के साथ ही लेखक गांव में भी डॉ अरुण की स्मृतियां सहेजने की जानकारी दी गई।श्रीगोपाल नारसन ने बताया कि डॉ योगेन्द्रनाथ शर्मा अरुण ने अपने जीवनकाल में 40 से अधिक पुस्तकें लिखी और राष्ट्रीय साहित्य अकादमी के सदस्य पद पर रहने के साथ ही उन्हें अकादमी सम्मान, केंद्रीय हिंदी संस्थान का सर्वोच्च सम्मान, स्वयम्भू अपभ्रंश राष्ट्रीय सम्मान आदि मिल चुके है।वे अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद में राष्ट्रपति के नामिनी नेशनल बुक ट्रस्ट के ट्रस्टी भी रहे है।

## यूट्यूब बना डिजिटल गुरु! छात्रा ने वीडियो से पढ़ाई कर 89.4% अंक हासिल किए

वेलकम इंडिया



**उदयपुर/22 मई/** आज के डिजिटल युग में जहाँ इंटरनेट को अक्सर समय बर्बाद करने का साधन माना जाता है, वहीं अश्लेषा छतलानी ने इसे अपनी सफलता की सीढ़ी बना दिया। उदयपुर की इस मेधावी छात्रा ने यूट्यूब से सेल्फ स्टडी कर 12वीं वाणिज्य में 89.4% अंक अर्जित किए हैं।

अश्लेषा ने बताया कि सीमित संसाधनों और कुछ अन्य चुनौतियों के बीच उसने यूट्यूब को अपना गुरु बनाया। उसने हर विषय के लिए मुफ्त शैक्षिक वीडियो देखे, नोट्स बनाए, और रोज नियमित अभ्यास किया।ह्लमैंने सुबह 6 बजे से दिन में कम से कम 6 घंटे पढ़ाई की,ह्व उसने बताया। ह्लयूट्यूब पर कई अच्छे शिक्षक मुफ्त में समझाते हैं। हर सवाल का हल मिलता है, बस मन लगाकर देखना होता है। अश्लेषा उन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है जो संसाधनों की कमी के कारण हिम्मत हार बैठते हैं। यह उपलब्धि बताती है कि यदि लगन हो तो तकनीक भी शिक्षक बन सकती है, बस सही उपयोग करना आना चाहिए।

# बाबा जगद्गुरुदेव आश्रम में सम्मानित हुए डॉ. गोपाल चतुर्वेदी

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** राष्ट्रीय राजमार्ग-19 स्थित जयगुरुदेव आश्रम में संपन्न हुए पंच दिवसीय वार्षिक भण्डारा सत्संग मेला में वरिष्ठ पत्रकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी का उनके द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिन्दी व अंग्रेजी पत्रकारिता के लिए सम्मान किया गया।उन्हें यह सम्मान जयगुरुदेव आश्रम के व्यवस्थापक संतराम चौधरी ने पूज्य जयगुरुदेव महाराज का चित्रपट, अंगवस्त्र, प्रशस्ति-पत्र, स्मृति चिन्ह एवं प्रसाद आदि भेंट कर किया।

ज्ञात हो कि वरिष्ठ पत्रकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी प्रख्यात साहित्यकार व अध्यात्मविद् हैं।साथ ही वे ब्रज सेवा संस्थान के अध्यक्ष हैं।इसके अलावा वे कई धार्मिक व समाजसेवी संस्थाओं एवं संगठनों में पदाधिकारी के रूप में विभिन्न सेवा कार्य कर रहे हैं। जयगुरुदेव आश्रम के व्यवस्थापक संतराम चौधरी ने कहा कि डॉ. गोपाल चतुर्वेदी पिछले लगभग 40 वर्षों से हमारी संस्था से जुड़े हुए हैं।हमारे सद्गुरुदेव बाबा जयगुरुदेव महाराज का इन पर अपार स्नेह व अनंत कृपा थी।उन्होंने हमारी संस्था के हित में तमाम कार्य किए हैं,जो कि अति प्रशंसनीय हैं।हम प्रभु से इनके उज्ज्वल, सुखद व समृद्ध जीवन की मंगल कामना करते हैं। सम्मानित हुए डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि परम श्रद्धेय बाबा जयगुरुदेव महाराज हमारे आदर्श थे।उनके सम्पर्क में आने के बाद हमारा जीवन अत्यंत प्रगतिशील व ऊजार्वान हुआ।हमें उनसे जो प्रेरणा व शक्ति प्राप्त हुई, वो अवर्णनीय है।

# श्री कृष्ण जन्म स्थान मामले की सुनवाई 4 जुलाई को

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर का केस लड़ रहे दिनेश फलाहारी ने बताया कि मुगल शासक औरंगजेब द्वारा श्री कृष्ण जन्मस्थान पर किए गए अवैध कब्जे को हटाने के लिए आज प्रयागराज हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। आपको बता दें कि जन्मस्थान से मस्जिद को हटाने से संबंधित प्रयागराज हाईकोर्ट में 18 मुकदमे चल रहे हैं, पिछली डेट को माननीय प्रयागराज हाईकोर्ट में हिंदू पक्ष की तरफ से राधा रानी को पार्टी बनाने के लिए दिए गए प्रार्थना पत्र पर बहस हुई, जिसका विरोध दूसरी तरफ से भी हिंदू पक्ष के अधिवक्ता ने ही किया। एक पक्ष ने कहा कि राधा रानी को पार्टी बनाना बहुत जरूरी है,तो दूसरे पक्ष ने कहा कि अब राधा रानी को पार्टी बनाएंगे, फिर कोई व्यक्ति कहेगा कि कृष्ण भगवान का सखा को पार्टी बनाया जाए, फिर कोई कहेगा कि ग्वाल वालों को पार्टी बना जाय। एडवोकेट रीना एन सिंह की तरफ से रुक्मणी जी को पार्टी बनाने के लिए प्रार्थना की गई, तो इस तरह से मामला लंबा हो जाएगा,हम चाहते हैं कि यह मामला लंबा ना खींचे,फैसला जल्द से जल्द हो। एडवोकेट महेंद्र प्रताप सिंह ने माननीय न्यायालय से प्रार्थना की की ईदगाह मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित कर दिया जाए। इस पर मुस्लिम पक्ष ने कहा कि यदि विवादित ढांचा घोषित कर देंगे तो हम वंहा नमाज नहीं पढ़ सकेंगे। इस पर हिंदू पक्ष ने कहा कि वहां तो नमाज 1992 के बाद पढ़ने लगी है,उससे पहले वंहा नमाज नहीं होती थी।

# बी.एस.ए. कॉलेज की जमीन और 40 करोड़ के घोटाले पर पुरातन छात्र परिषद सख्त

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** बी.एस.ए. (पी.जी.) कॉलेज, मथुरा में हुए करीब 40 करोड़ रुपये के घोटाले और कॉलेज की मूल्यवान भूमि के अवैध पट्टे से जुड़े गंभीर मामलों को लेकर अब पुरातन छात्र परिषद भी सक्रिय हो गई है। परिषद के अध्यक्ष चौ. कृष्णवीर सिंह (पूर्व ब्लॉक प्रमुख, राया) और सचिव शैलेश मिश्रा (सचिव, जिला हॉकी संघ) ने कॉलेज प्राचार्य को एक औपचारिक पत्र लिखकर दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की माँग की है। पत्र में परिषद ने प्राचार्य की अब तक की शैक्षिक और संस्थागत प्रगति के लिए सराहना व्यक्त की है, लेकिन साथ ही यह भी कहा है कि कॉलेज के खातों से करोड़ों रुपये का गबन और कॉलेज की बेशकीमती भूमि का निजी संस्थानों को अवैध रूप से सौंपा जाना अत्यंत चिंता का विषय है। बी.एस.ए. कॉलेज की करोड़ों की सम्पत्ति को निजी संस्थाओं द्वारा स्वार्थवश उपयोग में लाना और अवैध पट्टों पर देना एक सुनियोजित षड्यंत्र प्रतीत होता है। करीब ?40 करोड़ की धनराशि, जो गरीब छात्रों की फीस और कॉलेज विकास के लिए थी, वह गबन की गई, और आज तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। प्राचार्य को शासन का प्रतिनिधि मानते हुए परिषद ने कहा है कि नैतिक और प्रशासनिक जिम्मेदारी के अंतर्गत त्वरित कार्यवाही आवश्यक है। पुरातन छात्र परिषद ने मांग की है कि इस प्रकरण की न्यायसंगत और निष्पक्ष जांच कराकर संबंधित दोषियों के विरुद्ध आपराधिक मुकदमा पंजीकृत किया जाए, साथ ही महाविद्यालय की जमीन को पुनः कॉलेज प्रशासन के नियंत्रण में लाया जाए और घोटाले की गई पूरी धनराशि की वसूली सुनिश्चित की जाए।

# सीआईएसएफ की गीता समोटा ने माउंट एवरेस्ट चढ़कर रचा इतिहास

वेलकम इंडिया






**मथुरा।** केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की गीता समोटा ने माउंट एवरेस्ट पर चढ़कर इतिहास रच दिया है। राजस्थान के सीकर जिले की बेटी और सीआईएसएफ की उप-निरीक्षक गीता समोटा ने 19 मई को 8,849 मीटर ऊंचे माउंट एवरेस्ट पर चढ़कर तिरंगा फहराकर इतिहास रच दिया। गीता सीआईएसएफ की पहली महिला अधिकारी बनीं, जिन्होंने 'दुनिया की छत' को फतह किया। साधारण परिवार में जन्मी गीता ने चार बहनों के बीच पारंपरिक ग्रामीण परिवेश में अपना बचपन बिताया। एक होनहार हॉकी खिलाड़ी रहीं गीता को चोट ने खेल से दूर कर दिया, लेकिन उनके हौसलों ने पर्वतारोहण की राह दिखाई। गीता समोटा ने वर्ष 2011 में सीआईएसएफ में शामिल होने के बाद पर्वतारोहण को अपने जुनून का हिस्सा बनाया और वर्ष 2015 में आईटीबीपी के औली प्रशिक्षण संस्थान में वे एकमात्र महिला प्रतिभागी थीं। वर्ष 2017 में उन्नत पर्वतारोहण प्रशिक्षण पूरा कर वे सीआईएसएफ की पहली कर्मी बनीं। वर्ष 2019 में उन्होंने माउंट सतोपंथ और माउंट लोबुचे फतह कर सीएपीएफ की पहली महिला पर्वतारोही का खिताब हासिल किया। गीता समोटा छः महीने 27 दिनों में चार महाद्वीपों की सर्वोच्च चोटियों पर फतह हासिल कर चुकी हैं। इनमें ऑस्ट्रेलिया का माउंट कोसियस्जको, रूस का माउंट एल्ब्रस, तंजानिया का माउंट किलिमंजारो और अर्जेंटीना का माउंट एकॉनकागुआ शामिल हैं। गीता समोटा 7 महाद्वीपों की चोटियों पर फतह हासिल करना चाहती हैं। गीता समोटा को दिल्ली महिला आयोग का अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पुरस्कार 2023 और नागरिक उड्डयन मंत्रालय का गिविंग विंग्स टू ड्रीम्स अवार्ड 2023 मिला है। गीता का मानना है कि ₹पहाड़ लिंग के आधार पर भेदभाव नहीं करते हैं, केवल मेहनत और जुनून शिखर तक ले जाता है।₹ उनकी इस उपलब्धि से प्रेरित होकर सीआईएसएफ ने 2026 में एवरेस्ट के लिए एक समर्पित पर्वतारोहण दल भेजने की योजना भी बनाई है। गीता पहली बार 2019 में हिमालय रेंज के माउंट सतोपंथ की चोटी पर पहुंची थीं। यह चोटी 23 हजार फीट ऊंची है। इसके बाद गीता ने माउंट एवरेस्ट की चोटी पर फतह करने की कोशिश की लेकिन दो बार तूफानों ने रास्ता रोक दिया था। गीता के पिता किशनाराम बताते हैं कि, गीता शुरू से ही पढ़ाई में तेज थीं और गांव से आठवीं तक पढ़ाई करने के बाद दसवीं खाचरियावास से की। फिर सीकर से 11वीं और 12वीं की पढ़ाई की। दोनों बोर्ड में अच्छे अंक लाने के चलते गीता गार्गी पुरस्कार के लिए चयनित हुईं। इसके बाद जयपुर के महारानी कॉलेज में बीएससी बायोलॉजी पढ़ने गई थीं। वहां एनसीसी की एयर विंग में सी-सर्टिफिकेट हासिल किया।

यहीं से गीता की नौकरी सीआईएसएफ में लग गई। नौकरी में रहते हुए गीता ने एमए किया। सीआईएसएफ यूनिट आईओसी मथुरा के इकाई प्रभारी डॉ. नीरज भारती उप-कमाण्डेंट ने कहा कि माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा फहराने वाली गीता समोटा सीआईएसएफ की पहली महिला हैं, जिन्होंने माउंट एवरेस्ट चढ़कर इतिहास रचा है।

# अच्छी आदतों से होता है समृद्ध जीवन का निर्माण : बोहरा

वेलकम इंडिया



ग्रीष्म अवकाश के सदुपयोग एवं बच्चों को अलग-अलग हुनर सिखाने को लेकर राउप्रावि सांसियो का तला विद्यालय मे चल रहे पांच दिवसीय सत्य भारती स्किल फेस्ट का समापन कार्यक्रम शुक्रवार को स्टेट अवार्डी शिक्षक व सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश बोहरा अमन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नन्दा सिसोदिया की उपस्थिति में आयोजित हुआ। समापन कार्यक्रम में जहां शिविर के उत्कृष्ट प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

भारती एयरटेल फाउंडेशन के प्रतिनिधि ओम प्रकाश सरगरा ने बताया कि 19 मई से प्रारम्भ हुए इस पांच दिवसीय सत्य भारती स्किल फेस्ट का शुक्रवार को समापन कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में जहां पांच दिवसीय समर स्कील फेस्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई वहीं शिविर में विभिन्न गतिविधियों में अव्वल व उत्कृष्ट रहने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान सम्मानित किया गया। सरगरा ने बताया कि वोलियंटर अशोक पुरी गोस्वामी ने विद्यार्थियों को जहां मिट्टी के आकर्षक खिलौने बनाना, उनमे रंग भरने का हुनर बताया वहीं चम्पा सिसोदिया ने प्लास्टिक की बोतलो को परम्परागत पद्धति से आकर्षक बनाने की कलात्मक जानकारी दी। साथ ही प्रतिदिन नियमित योग-व्यायाम के साथ-साथ परंपरागत खेलों की जानकारी दी गई। वहीं बच्चों को अच्छी आदतों के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें बुरी आदतों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। स्टेट अवार्डी शिक्षक व सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश बोहरा अमन ने कहा कि बच्चों के लिए यह ग्रीष्मकालीन शिविर जीवन के निर्माण का कारगर माध्यम है। इन शिविरों में बच्चे अच्छी आदतों, अभिव्यक्ति के अवसर, अलग-अलग प्रकार के हुनर के साथ-साथ स्वयं के जीवन के लक्ष्य का भी निर्धारण करते है। अमन ने कहा कि अच्छी आदतों से ही एक समृद्ध जीवन का निर्माण होता है। कार्यक्रम के समापन पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभागियों को भारती एयरटेल फाउंडेशन द्वारा पुरस्कृत किया गया तथा समर स्किल केम्प मे भागीदारी करने वाले 40 विद्यार्थियो को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनको प्रोत्साहित किया गया। शिविर में बच्चे ने जहां अलग-अलग हुनर सीखे वहीं शिविर का भरपूर आनन्द भी लिया। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नन्दा सिसोदिया, कान्ता धनदे व दिव्या सिसोदिया ने भी अपने-अपने विचार रखे और बच्चों को अच्छी आदतों व कार्यां के लिए प्रेरित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में बच्चों के साथ-साथ उनकी माताएं भी उपस्थित रही।

# हिन्दी पत्रकारिता दिवस समारोह के आमंत्रण कार्ड का हुआ विमोचन



(डॉ. गोपाल चतुवेर्दी)

**वृन्दावन।** ब्रज प्रेस क्लब और एनयूजेआई की वृंदावन इकाई के द्वारा आगामी 29 मई गुरूवार को आयोजित होने वाले हिन्दी पत्रकारिता दिवस समारोह के आमंत्रण कार्ड का विमोचन किया गया। विमोचन करते हुए एनयूजेआई के राष्ट्रीय सचिव और ब्रज प्रेस क्लब मथुरा के अध्यक्ष कमलकांत उपमन्यु ने कहा कि हिन्दी पत्रकारिता दिवस हम पत्रकारों के लिए एक उत्सव के समान है। इस उत्सव को हम सब मिलकर बड़ी धूमधाम से मनाऐगे।इस दिवस के माध्यम से पत्रकारों को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य होगा। संरक्षक डॉ. गोपाल चतुवेर्दी व महेश वार्ष्णेय ने कहा कि समारोह में पत्रकारों को समाचार संकलन के दौरान होने वाली विभिन्न चुनौतियों और पत्रकारिता की गरिमा को बनाए रखने आदि को लेकर चिंतन व मनन के साथ वरिष्ठ पत्रकारों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित भी किया जाऐगा। मार्गदर्शक जगन्नाथ पोद्दार ने कहा कि कार्यक्रम के अंतर्गत ₹बदलते दौर में पत्रकारिता का बदलता स्वरूप₹ विषय पर संगोष्ठी भी होगी। इस अवसर पर अध्यक्ष विष्णु शर्मा, महासचिव बलराम शर्मा, सचिव पार्थ कृष्ण गौतम, उपाध्यक्ष दिनेश चोधरी, मीडिया प्रभारी डॉ राधाकांत शर्मा, गोपाल शर्मा, दुष्यंत दीक्षित, प्रशांत वार्ष्णेय उपस्थित रहे।

## डांगरोल में डंडो से हमला परिवार पर हमला, दो घायल

**कांधला!** पड़ोसी के घर से बेटे को बुलाने गए परिवार के लोगों पर गांव के ही दबंग लोगों ने लाठी डंडों से हमला करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया। मारपीट के दौरान दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के संबंध में पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर देकर 5 लोगों के विरुद्ध मामला पंजीकृत करा दिया है। थाना क्षेत्र के गांव डांगरोल निवासी राहुल ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि ताऊ के लडके निशू और सचिन में बहस हुई थी। नीशू नाम का लडका गांव के राजेन्द्र प्रजापति के लडके राहुल व अंकुश के साथ रहता है, जिनकी संगति गलत है। हम नीशू को बुलाने के लिए मुनेश के घर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही राजेन्द्र प्रजापति व उसके लड़के राहुल और अंकुश, निशु ने गाली गलोच की और जान से मारने की धमकी देकर पीड़ित पक्ष के ऊपर लाठी डण्डो व ईंटो हमला कर दिया। उक्त लोगों ने हत्या की नीयत से ईंट व पत्थर भी बरसाने शुरू कर दिए। पीड़ित व उसके ताऊ को गंभीर चोटें आने घायल हो गये। पीड़ित पक्ष द्वारा जान बचाने के लिए शोर शराबा किया गया। तो ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। जिसके चलते हमलावर घटना स्थल भाग गए। ग्रामीणों ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर घायलों की चिंताजनक हालत को देखते हुए दोनों को उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना के संबंध में पीड़ित पक्ष में राजेन्द्र, राहुल, निशु, अंकुश सहित चार लोग के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। घटना के संबंध में पुलिस ने चारों लोगों के विरुद्ध मामला पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## पारिवारिक लोगों पर जान से मारने को धमकी का आरोप

**कांधला!** थाना क्षेत्र के गांव हाजीपुर दुगड़डा निवासी नईम ने गांव निवासी पारिवारिक दो युवकों पर गाली गलौच करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने आरोपी युवकों के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के गांव हाजीपुर दुगड़डा निवासी नईम ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि पीड़ित के पारिवारिक लोग उससे रंजिश रखते है और आए दिन किसी ना किसी बात को लेकर विवाद करने के लिए तैयार रहते है। पीड़ित ने जानकारी देते हुए बताया कि पांच दिन पहले पीड़ित के पारिवारिक दो युवकों ने पीड़ित के परिचित को फोन कर कहा कि अपने मित्र नईम को समझा लो अन्यथा उसको गंभीर परिणाम भुगतना पड़ेगा। शुक्रवार को पीड़ित अपने घर के बाहर खड़ा हुआ था,आरोप है कि इसी दौरान उक्त दोनों आरोपी मौके पर आए और गाली गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गए। आरोप है कि उक्त युवकों ने कानूनी कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित ने आरोपी युवकों के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मुख्यमंत्री घोषणाओं की विभागवार प्रगति की जिलाधिकारी ने ली समीक्षा बैठक

वेलकम इंडिया




**बागेश्वर** ,गोविन्द मेहता, जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं की विभागवार प्रगति की समीक्षा बैठक की। उन्होंने सभी निर्माणदायी विभागों और कार्यदायी संस्थाओं को मुख्यमंत्री घोषणाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए।

अर्थ एवं संख्याधिकारी दिनेश रावत ने बताया कि जिले में मुख्यमंत्री की कुल 152 घोषणाओं में से 114 घोषणाएं पूर्ण हो चुकी हैं, जबकि 38 घोषणाओं पर कार्य प्रगति पर है। इन परियोजनाओं की प्रक्रिया शासन, जिला और विभागीय स्तर पर जारी है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग, पेयजल, सिंचाई, पर्यटन, खेल, युवा कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा और ग्रामीण निर्माण सहित अन्य विभागों से सीएम घोषणाओं की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन योजनाओं की वित्तीय स्वीकृति मिल चुकी है, उनका कार्य शीघ्र पूरा किया जाए। वहीं, जिन योजनाओं की डीपीआर अभी तक नहीं बनी है, उन्हें तत्काल शासन को भेजा जाए। इसके अतिरिक्त, जिलाधिकारी ने उन विकास योजनाओं की सूची भी उपलब्ध कराने को कहा, जिनका निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। डीएम भटगांई ने सड़कों के वन भूमि हस्तांतरण मामलों की नियमित निगरानी रखने और उनके निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समरेखण विवाद के कारण लंबित निर्माण कार्यों के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रवासियों के सहयोग से विवादों को शीघ्र सुलझाया जाए। जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर परीक्षण भी कराया जाना चाहिए। धीमी प्रगति वाले कार्यों में भौतिक प्रगति लाने के निर्देश देते हुए, उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि जो भी कार्य हों, उनका उचित फोटोग्राफ के साथ डॉक्यूमेंटेशन हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी योजना जिला स्तर पर लंबित न रहे, और अन्य स्तरों पर लंबित मामलों पर नियमित फॉलोअप लेकर उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिन कार्यों में तकनीकी एजेंसी के माध्यम से सर्वे किया जाना है, उनके लिए समन्वय स्थापित कर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए।

# ग्राम पंचायत ताहिरपुर भभीसा मे ग्राम चौपाल का आयोजन



वेलकम इंडिया

**कांधला! मोहसीन रहमानी।** क्षेत्र के गांव ताहरपुर भभीसा में एक चौपाल का आयोजन किया गया।चौपाल की अध्यक्षता जिला विकास अधिकारी सत्यराम यादव ने की। शुक्रवार को क्षेत्र के गांव ताहरपुर भभीसा में चौपाल का आयोजन किया गया। सहायक विकास अधिकारी ( आई एस बी ) जी एस वर्मा ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत सीसीएल , युवा उधमी योजना आदि की विस्तृत रूप से ग्रामीणों को जानकारी दी और फैमली आईडी बनवाने के लिए कहा। पीएम आवास योजना अन्तर्गत सर्वे के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण अनिल कुमार ने समाज कल्याण विभाग की योजनाओ वृद्धा पेन्शन, विधवा पेंशन, दिव्याग पेन्शन, सामुहिक विवाह अनुदान योजना आदि के बारे मे विस्तृत जानकारी दी।ग्राम चौपाल मे सहायक विकास अधिकारी कृषि जयदेव कुमार ने ग्राम वासियो को किसान सम्मान निधि योजना, फार्मर आईडी, सोलर पम्प योजना, राजकीय बीज भण्डार पर किसानो को मिलने वाली सुविधा के साथ ही कृषि यंत्रीकरण व फसल अवशेष प्रबंधन, जल संरक्षण की जानकारी दी।राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय से डॉक्टर सुधीर मलिक ने मौसम परिवर्तन से होने वाली बीमारियो से निजात, पित्त और कफ के बारे मे जानकारी देते हुए जागरूक किया।

# आग लगने से भूसा और बिटोरे जलकर हुए राख

वेलकम इंडिया



**बुगरासी :** क्षेत्र के गांव बुकलाना में भूसे के बोगे व उपले के बिटोरे में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग लगने से चीख पुकार मच गई। जब तक आग बुझती आग के कारण भूसा और उपले जलकर राख हो गए।

पीड़ितों ने बताया कि भूसा जलने से पशुओं के लिए चारे का संकट खड़ा हो गया है। गांव निवासी सोनू पुत्र सुखपाल, चंद्रपाल सिंह, पिंटू पुत्र खेमा सिंह, सुनील पुत्र विजय सिंह के भूसे के बोगे और बिटोरे घेर के पास लगे हुए थे। गांव में मौजूद लोगों ने आग का धुंआ उठता देखा तो आस पास के लोगों में अफरा तफरी मच गई। और आग बुझाने को दौड़ पड़े। और कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझने पर लोगों ने राहत की सांस ली। पीड़ित सोनू, चंद्रपाल, पिंटू, सुनील ने बताया कि हजारों रुपए का भूसा और उपले और लकड़ी का ईंधन जलकर राख हो गया।

भूसा जलने से उनके सामने पशुओं को चारा खिलाने का संकट खड़ा हो गया है। वहीं उपले भी जलकर राख हो गए। ग्रामीणों की सूझ बूझ से पेड़ों के नीचे बंधे पशुओं को बचा लिया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि जहां आग लगी वहां बिजली के तार भी लगे हुए थे। जिससे आग लगने के कारणों को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं गांव में आग लगने की सूचना मिलने पर बुगरासी चौकी पुलिस प्रशासन मौके पर हर संभव मदद के लिए पहुंच गए।

# आप्रेशन सिंदूर की सफलता और सैनिकों के उत्साहवर्धन को निकाली तिरंगा यात्रा

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार



**सादाबाद।** आप्रेशन सिंदूर की सफलता और सैनिकों के उत्साहवर्धन को लेकर कुरसंडा के मंडल अध्यक्ष सूरज शाह के नेतृत्व में भाजपाइयों ने शुक्रवार को तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा निकाली। यह यात्रा मई से कुरसंडा मोड़ तक निकाली गई। यात्रा के दौरान सैनिकों के जयकारों के साथ पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाये गये। मंडल अध्यक्ष सूरज शाह ने कहा कि पाकिस्तान की नापाक हरकत का भारत ने मुंह तोड़ जबाब दिया है, जिसमें भारतीय सेना का पराक्रम अनुकरणीय रहा है। उन्होंने कहा तिरंगा यात्रा से सैनिकों का मनोबल बढ़ाने का काम किया जा रहा है। आपरेशन सिंदूर से भारत ने दिखा दिया है कि नापाक इरादों को कुचलने के किसी भी हद तक की कार्यवाही की जा सकती है। मंडल अध्यक्ष सूरज शाह ने कहा कि भारत विश्व गुरु था और रहेगा। 22 अप्रेल को आतंकवादियों ने धर्म पूछ कर जिन लोगों को मारा था, उसका बदला 7 मई को हमारे वीर जवानों ने आंतकवादियों के घर में घुसकर लिया। उन्होंने कहा कि हमें सजग रहना होगा। हमारे जवानों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए समय-समय पर सेना के समान में खड़े होना प्रत्येक भारतीय की जिमेदारी है। हम हमारे स्वाभिमान को जागृत करें। इस दौरान महेंद्र सिंह आचार्य, हरवीर चौधरी, राजेंद्र सिंह धाकरे, फाल सिंह, जमुना प्रसाद, चंद्र वीर, गौपाल सिंह , रनवीर बाबा, लायक सिंह, अंकुश शर्मा, रनवीर प्रधान आदि मौजूद रहे।

# सड़क पर दिखा तेंदुआ किसानो में दहशत

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर .ऊंचागांव :** विकासखंड क्षेत्र के गांव दौलतपुर, मोजपुरा, सबदलपुर, के जंगलों में एक बार फिर दिखाई दिया तेंदुआ। बीते कुछ महीनों से तेंदुए ने क्षेत्र में आतंक मचा रखा है। क्षेत्र के गांव सबदलपुर, पाली आनंदगढ़ी,बरवाला, गेसूपुर, चंदियाना, भड़काऊ, सहित अन्य कई गांवों में तेंदुआ देखा जा चुका है। बीते शुक्रवार को गांव नसेर्ना के जंगलों में किसानों द्वारा तेंदुआ देखे जाने का दावा किया गया है। क्षेत्र के अन्य गांवों में हमले के बाद तेंदुआ लगातार क्षेत्र में देखा जा रहा है। लेकिन वन विभाग इसे डॉग फैमिली जैसा जानवर बता कर अपना पल्ला झाड़ता नजर आ रहा है। शुक्रवार को नसेर्ना में तेंदुआ देखे जाने का ग्रामीणों द्वारा दावा किया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग तेंदुए को पकड़ने में दिलचस्पी नहीं दिख रही है ।जंगलों में वन विभाग द्वारा न तो पिंजरा लगाया गया है। और न ही जाल ग्रामीणों का आरोप है कि तेंदुआ पकड़ने के नाम खाना पूर्ति की जा रही है।

वन दरोगा प्रमोद कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जांच कराई जा रही है और क्षेत्र में पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है ।

# नमो भारत अनप्लग्डः लाइव म्यूजिकल फ्राइडेज के सीजन-2 का हुआ आगाज, देश के वीर जवानों को समर्पित रही शुक्रवार की शाम

उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार




आनंद विहार नमो भारत स्टेशन पर आज, 23 मई 2025 से ₹नमो भारत अनप्लग्डः लाइव म्यूजिकल फ्राइडेज₹ के सीजन-2 का शानदार आगाज हुआ। म्यूजिकल बैंड ह्लट्रेबल क्लेफह्व ने अपनी बेहतरीन संगीतमय प्रस्तुति से शुक्रवार की इस शाम को यादगार बना दिया और उनकी धुनों पर वहाँ मौजूद हर संगीत प्रेमी खुद को झूमने से रोक नहीं पाया। सीजन 2 की यह पहली शुक्रवार की शाम देश और भारतीय सेना के वीर जवानों के अदम्य साहस एवं वीरता के नाम रही। यहाँ की गई सभी प्रस्तुतियाँ इसी थीम पर आधारित थीं। इसे सुनने केलिए न सिर्फ नमो भारत के यात्री बल्कि अन्य संगीत प्रेमी भी यहाँ जमा हुए। लाइव म्यूजिकल फ्राइडेज के इस नए सीजन में एनसीआरटीसी ने एक नए सेग्मेंट, ऑन दी स्पॉट अंताक्षरी, की शुरूआत की जो श्रोताओं के बीच बहुत लोकप्रिय रहा। इस सेग्मेंट में, वहाँ मौजूद श्रोताओं में से कुछ लोगों को अंताक्षरी खेलने के लिए चुना गया, जिसमें भाग लेने के लिए लोगों में खासा उत्साह नजर आया। इस शाम प्रस्तुति दे रहा म्युज़िकल बैंड ह्लट्रेबल क्लेफह्व आरकेजीआईटी कॉलेज के इंजीनियरिंग के छात्रों का है। इसके मेंम्बर्स, आकाश शर्मा (सिंगर), अभिजीत (सिंगर), आयुष तिवारी (सिंगर), एकांक तिवारी (सिंगर), प्रणव त्यागी (सिंगर), शिवांशु त्रिपाठी (सिंगर), अदित्य राज तिवारी (सिंगर), योगेश कत्युरा (सिंगर), अदित्य गुप्ता (सिंगर), अदित्य मिश्रा (गिटारिस्ट), व्योम सिंघल (सिंगर+गिटारिस्ट) और कृष्ण त्यागी (ड्रमर) ने देशभक्ति गीतों के माध्यम से भारतीय वीरों के पराक्रम और शौर्य को नमन किया और लोगों को जोश से भर दिया। श्रोताओं ने न सिर्फ तालियाँ बजाते हुए और साथ गुनगुनाते हुए इनका उत्साहवर्धन किया, बल्कि इस आयोजन में चार चांद लगाने के लिए उनकी ढेरों प्रशंसा भी की।

# गर्म दूध गिरने से झुलसा युवक,दरोगा पर दूध डालने का आरोप

उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार





मेरठ के थाना रेलवे रोड इलाके में मकबरा डिग्गी मोहल्ले में एक चाय विक्रेता गर्म दूध के गिरने से बुरी तरह झुलस गया। पीड़ित का आरोप है कि यह कृत्य थाना रेलवे रोड के चौकी इंचार्ज नेपाल सिंह ने किया है ।

पीड़ित युवक का कहना है कि वो इलाके में चाय की दुकान चलाता है। आरोप है कि चौकी इंचार्ज उससे बिना वजह परेशान करता है । ग्राहकों की कुर्सियों को फेंक देता है ।और चेकिंग के नाम और उसका उत्पीड़न करता है । आरोप है कि मुफ्त चाय मांगते हैं और हर महीने पैसों की मांग करते थे। चाय के पैसे मांगने और वसूली से इनकार करने पर विवाद हुआ, जिसके बाद उसके ऊपर गर्म दूध डाल दिया गया। पीड़ित के शरीर पर गंभीर जलन के निशान हैं जिसको रोकर दिखाते हुए आरोप लगा रहा है। वहीं पुलिस अधिकारियों ने दरोगा पर लगे आरोपों का खंडन किया है । स्थानीय लोगों ने घायल युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेरठ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि पुलिसकर्मी अक्सर दुकानदार से वसूली करते थे और सट्टा कारोबारियों से पैसा लेकर उन्हें नहीं छेड़ते थे। वहीं पीड़ित का आरोप है कि पुलिस ने उसे पीटते हुए सट्टे का झूठा आरोप लगाकर केस दर्ज कर दिया जिसको लेकर उसने अन्य दरोगा को ?20000 भी दिए हैं। इस एसएसपी मेरठ ने बताया कि दरोगा द्वारा चाय वाले पर दूध फेंकने के आरोप गलत, युवक पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं ।पुलिस उसके आपराधिक सत्यापन के लिए उसके पास गई थी तभी उसने खुद ही अपने ऊपर गर्म दूध डाल दिया जिससे वो झुलस गया ।इस मामले में एसपी सिटी को जांच सौंप दी गई है ।जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# ऑपरेशन सिंदूर की अपार सफलता के उपलक्ष में और सैनिकों के सम्मान और उत्साह वर्धन के लिए भाजपा कार्यकताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



नजीबाबाद ऑपरेशन सिंदूर की अपार सफलता के उपलक्ष में और सैनिकों के सम्मान और उत्साह वर्धन के लिए भाजपा कार्यकताओं ने निकाली भव्य तिरंगा शोभा यात्रा भारतीय जनता पार्टी भागूवाला मंडल के कार्यक्रम में आज थाना मंडावली से भारत की सेना के अदम्य साहस और ऑपरेशन सिंदूर की अपार सफलता के उपलक्ष में भारतीय सेना का सम्मान करने के उद्देश्य से तिरंगा शोभा यात्रा निकाली जिसमें क्षेत्र के पूर्व सैनिक, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यापारी बन्धुओं ने भाग लिया तिरंगा यात्रा का शुभारंभ पूर्व सैनिक रविंद्र काकरान को प्थाना प्रभारी मंडावली रामप्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल, अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा सुधीर कुमार भुईयार, मंडल अध्यक्ष कमल सैनी, भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह, ने उन्हें राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा सौंप कर किया पूर्व सैनिकों के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा मंडावली मुख्य मार्ग से होते हुए मुख्य बाजार पर भारत माता की जय वंदे मातरम भारतीय सेना जिंदाबाद हिन्दुस्तान जिंदाबाद पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाते हुए बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक डीजे पर देश भक्ति के गीत गाते हुए 1999 की पाकिस्तान कारगिल में हुई लड़ाई में शहीद हुए अमर शहीद अनिल सिंह फिलिंग सेंटर पेट्रोल पंप पर संपन्न हुई जहां पर सभी कार्यकताओं ने भारत माता और अमर शहीद अनिल सिंह के चित्र पर माल्यार्पण पुष्प अर्पित कर धन्यवाद प्रकट किया तिरंगा यात्रा में पूर्व सैनिक रविंद्र काकरान हुकम सिंह पवन शर्मा राम अवतार सिंह बबलू राठी कपिल राठी, उप निरीक्षक लखनलाल, चौधरी ईशम सिंह, राजकुमार प्रजापति, वरुण कौशिक सचिन देशवाल, भाजपा नेता अनुज चौधरी, मनोज जाट, आशू अग्रवाल, नमन गुप्ता, राजेंद्र सिंह, चौधरी योगेंद्र सिंह, आदित्य वीर सिंह, मोहम्मद इरफान, फैजू, मुजाहिद मंसूरी, कासिम राइन, महबूब मलिक, सूर्यांशु उपाध्यक्ष, संदीप उपाध्याय, पीएस राठी, करणवीर सिंह, मनोज राठी, शेर सिंह हरपाल सिंह मुकेश अग्रवाल कपिल राजपूत मयंक चौहान कृष्ण पाल सिंह चौधरी आदेश कुमार, नरपाल सिंह, सुमित गुर्जर कृष्ण पाल सिंह, मनोज राठी, रोहतास सिंह, नौबाहर सिंह रेशम सिंह महेंद्र सिंह गोपीचंद कपिल कुमार अल्तमश मनोज जाट सुनील त्यागी चौधरी बागराज सिंह संजीव राठी अशोक राजपूत नेपाल सिंह संजीव भुईयार ऋषि पाल सिंह डा कय्यूम अहमद आदि उपस्थित रहे तिरंगा यात्रा में यातायात व्यवस्था सहयोग हेतु थाना मंडावली पुलिस का विशेष योगदान रहा।

# ऑपरेशन सिंदूर से आतंक का सफाया :सरदार पतविंदर सिंह

**वेलकम इंडिया**

**प्रयागराज/** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से आतंक का सफाया भारत ने आतंक का संसार उखाड़ दिया पाकिस्तान, हिंदुस्तानियो से भविष्य में भय खाएगा और कोई भी घटना को अंजाम देने से पहले अपनी मौत को दावत देगा पाकिस्तान आतकिस्तान है।



क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह अपनी बालकाल्य की आदत के अनुसार सामाजिक जन जागरूकता का संदेश बराबर गांव-गांव में दे रहे हैं कि पशु-पक्षियों के लिए दाना-पानी रखें, कन्या भ्रूण हत्या न करें, नशे से दूर रहे, योग करें स्वस्थ रहें, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रधान सेवक बनाना अद्भुत और ऐतिहासिक है।हम सभी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर गर्व है हमारा राष्ट्र नई ऊँचाइयों को छु रहा है।जहां गर्मी का तेवर शबाब पर पहुंचने लगा है दिन के समय घरों से बाहर निकलना मुश्किल होने लगा है अब हवा के गर्म थपेड़े भी परेशान करने लगे हैं हाथ, पैर और चेहरा लू के प्रभाव से झुलसने लगा है किंतु सरदार पतविंदर सिंह का देशप्रेम देखते ही बनता है तिरंगा यात्राओं में तिरंगा पगड़ी पहनकर लगातार आतंकवाद-अलगाववाद खत्म करो, जनकल्याण में उनकी सहभागिता उनकी दिनचर्या रहती है वही भारत स्वास्थ्य रहे, सब मतदान करें कि जागरूकता पर सदैव कार्यरत रहते हैं इन के जन-जागरूकता अभियान मे यह मतलब नहीं रहता कि मौसम कैसा है इन्हें तो देश प्रेम की दीवानगी चढ़ी रहती है। दोपहर के समय सूर्य की किरणें जैसे आग बरसाने लगी हैं पूर्वा 10:00 बजे ही धूप अपने पूरे तेवर में आ जाती है हाथ व पैर जलने लगता है दोपहर होते होते लोगों का घर के बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है उस समय बाहर निकलना किसी यातना से कम नहीं होता किंतु सरदार पतविंदर सिंह ने कहा सुरक्षित हाथों में देश-प्रदेश रहे इसके लिए कोई भी यातना सहने को हमेशा तैयार रहते हैं ऐसा इनका सामाजिक जीवन, आचरण, सामाजिक कार्य बताते हैं।

# कीचड़ में दफन हुआ बेटा, अब एफआईआर में दर्ज हुई जिम्मेदारी

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** नगर निगम की घोर लापरवाही से ककरइया कब्रिस्तान के सामने हुई युवक की दर्दनाक मौत के मामले में अब पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मृतक के पिता की तहरीर के आधार पर ठेकेदार नईम शास्त्री, सफाईकर्मियों और जिम्मेदार नगर निगम कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। वहीं इस मामले को लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है, हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही आगे की कार्रवाई की बात कही गई है।

आपको बता दें कि गुरुवार दोपहर सतीपुर रोड मौर्य शांति नगर निवासी सुनील कुमार (25) पुत्र गिरवर सिंह प्रजापति ककरइया कब्रिस्तान के पास एक पेड़ की छांव में सो रहे थे। इसी दौरान नगर निगम की एक ट्रैक्टर-ट्रॉली, जिसमें सफाई का मलबा और कीचड़ भरा था, वहां पहुंची और कथित तौर पर बिना जांचे-देखे मलबा सोते हुए युवक पर गिरा दिया। मलबे में दबने से सुनील की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि सुनील का भतीजा आरव सफाई कर्मियों को बता रहा था कि वहां उसके चाचा सो रहे हैं। उसके बाद भी उन लोगों ने इस घटना को अंजाम दे दिया। इस घटना के बाद आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने मलबे को हटाकर सुनील को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता गिरवर सिंह ने थाना बारादरी में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि यह घटना महज लापरवाही नहीं बल्कि सोची-समझी साजिश है। उन्होंने ठेकेदार नईम शास्त्री और मौके पर मौजूद नगर निगम सफाई कर्मचारियों पर साजिशन हत्या का आरोप लगाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की। गिरवर सिंह का यह भी कहना है कि जिस जगह पर मलबा गिराया गया वह नगर निगम द्वारा अधिकृत कूड़ा डंपिंग जोन नहीं है, लिहाजा यह पूरी घटना ठेकेदार और निगम कर्मचारियों की मनमानी का नतीजा है। इस घटना को लेकर थाना बारादरी के प्रभारी निरीक्षक धनंजय पांडे ने बताया है कि मृतक के पिता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# गांव से जुड़ी कई सड़कों के निर्माण तथा पेयजल व्यवस्था के लिए सीएम और डीएम के नाम एसडीएम को दिया ज्ञापन

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**



**सहपऊ।** क्षेत्र के गाँव बासबित्ता भाग गुतहरा के समस्त लोगों ने एकत्रित होकर अपने गांव की बदहाली को दशार्ते हुए एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी हाथरस को सोंपा। गांव के लोगों में विकास न होने के कारण रोष व्याप्त था। उन्होंने ज्ञापन में करीब आठ शिकायतों को दर्शाकर निस्तारण करने की मांग रखी। यदि निस्तारण नहीं हुआ तो लोगों ने 1 जून से भूख हड़ताल पर बैठने का ऐलान किया है। ग्राम बासबित्ता निवासीगण जितेंद्र त्यागी, अशोक कुमार, भूप सिंह, पातीराम, सोरन सिंह, चंद्रपाल, तेजवीर, संजय गुप्ता, रामबाबू सहित आदि लोगों का कहना है कि पहले भी कई बार प्रार्थना-पत्रों के माध्यम से संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को अवगत करा चुके हैं। लेकिन गांव में आज तक कोई विकास नाम का काम नहीं हुआ है। अब उन्होंने ₹सड़क नहीं तो हम नहीं₹ का हवाला देते हुए बासबित्ता से गुतहरा, शिखरा व बागपुर मार्ग और करकोली आश्रम से वासवित्ता तक मार्ग तक रोड़ होना चाहिए। गाँव के लोगों ने वासवित्ता में मुख्य मार्ग पर दोनों तरफ नाली, गाँव के लिए शमशान, गाँव में पेयजल व्यवस्था तथा गाँव वासवित्ता के मुख्य मार्ग आबादी क्षेत्र में आरसीसी का काम होने की मांग रखी है। गांव के लोगों ने ज्ञापन देते हुए कहां है यदि उनकी शिकायत का निस्तारण नहीं हुआ तो वह 1 जून से भूख हड़ताल पर बैठकर विरोध जाहिर करेंगे। इस दौरान यदि कोई भी जनहानि होती है तो उसका उत्तरदायित्व शासन व प्रशासन का होगा। सड़क नहीं तो हम नहीं। जितेन्द्र त्यागी ने बताया कि गाँव में खराब सड़कों की वजह से लोगों को निकलने में परेशानी होती है। ये सड़कें अक्सर जर्जर हो जाती हैं, जिससे यात्रा करना मुश्किल हो जाता है और दुर्घटना का खतरा भी बढ़ जाता है. ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोग इन खराब सड़कों के कारण शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों तक पहुँचने में भी कठिनाई का अनुभव करते हैं। इस दौरान अशोक कुमार, छोटेलाल, पन्नालाल, वीरेंद्र सिंह, खेमचंद, बूरो सेठ, संजय गुप्ता, सतीश चंद्र, भूप सिंह, पतिराम, राजकुमार, हरिओम, सोरन सिंह, चंद्रपाल, तेजवीर, चंद्रपाल, रामबाबू, सत्येंद्र कुमार, विजयपाल, सुनील कुमार, हाकिम सिंह, बलवीर सिंह, पूरन, रामकुमार, हरीश कुमार, जयंती प्रसाद और ऊदल सिंह, धर्मेंद्र त्यागी सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# एस.डी मॉडर्न पब्लिक स्कूल में अंग्रेजी कथा वाचन प्रतियोगिता का आयोजन

**वेलकम इंडिया**

**हांसी । मनमोहन शर्मा।** एस.डी मॉडर्न पब्लिक स्कूल में अंग्रेजी कथा वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदनों सुभाष सदन, सरोजिनी सदन, गार्गी सदन व विवेकानंद सदन के तीसरी, चौथी व सातवीं, आठवीं कक्षा के छात्रों ने अपनी कल्पनाशीलता और कहानी कहने की क्षमता का प्रदर्शन किया। निर्णायक की भूमिका मिडल विंग कार्डिनेटर पवन बंसल ने निभाई और विजेताओं का चयन किया। तीसरी से चौथी कक्षा में सुभाष सदन के छात्र विजेता रहे। सातवीं से आठवीं कक्षा में विवेकानंद सदन के छात्रों ने बाजी मारी।प्रतियोगिता का आयोजन अंग्रेजी अध्यापिका गरिमा, किरण, निधि खुराना व सचिन गिरधर के निर्देशन में किया गया। प्रधानाचार्या श्रीमती ऋतु सिंह ने इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्रों को बधाई दी और कहा कि यह प्रतियोगिता न केवल छात्रों की कल्पना शीलता को बढ़ावा देती है बल्कि उन्हें अपने विचारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने का अवसर भी प्रदान करती है। उन्होंने सभी विजेताओं को आगे भी अपनी प्रतिभा को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रबंधन समिति के प्रधान श्री सज्जन कुमार अग्रवाल, मैनेजर नकुल अग्रवाल, कैशियर चंद्रभान गर्ग व सेक्रेटरी रजत अग्रवाल ने विजेताओं की भूरि- भूरि प्रशंसा की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।




# ग्रामीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है जिला पंचायतः किशन चौधरी

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास को प्राथमिकता देते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने शनिवार को अहमल की नगरिया गांव को 33 लाख रुपये की लागत से बनने वाले विकास कार्यों की सौगात दी। पंचायत निधि से दो सीसी सड़कों के निर्माण कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण किया गया, जिससे ग्रामीणों के लिए आवागमन सुगम हो सकेगा।

इस अवसर पर ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने उनका पारंपरिक पगड़ी और चांदी का मुकुट पहनाकर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य लोग एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। श्री चौधरी ने अपने संबोधन में कहा, ह्लजिला पंचायत ग्रामीण अंचलों के सतत विकास के लिए पूरी तरह समर्पित और संकल्पित है। हम संपर्क मार्गों के पुनर्निर्माण के साथ आम जनता के जीवन को सरल बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। जिला पंचायत किसी भी विकास प्रस्ताव पर त्वरित कार्य करने को तैयार है, और विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं है। केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार जनता के हितों को सर्वोपरि मानते हुए कार्य कर रही है। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय नेताओं में विनोद पूर्व प्रमुख, वेद प्रधान (सींगापट्टी), देवेंद्र प्रधान (नैनूपट्टी), थान सिंह प्रधान (नगला शीशराम), जगदीश कुंतल, विजय नेता सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे और उन्होंने अध्यक्ष का माल्यार्पण कर अभूतपूर्व स्वागत किया।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर पीटता है पति.......

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** इज्जतनगर थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने अपने पति और ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने इस मामले की इज्जतनगर थाने में तहरीर देकर पति समेत 6 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया है कि उसकी शादी लगभग छह वर्ष पूर्व संभल निवासी सोनू पुत्र जसवीर सिंह से हुई थी। शादी के कुछ समय तक सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन फिर पति और उसके परिजन दहेज की मांग को लेकर परेशान करने लगे। उसने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की गई। पीड़िता का कहना है कि उसके पति सोनू के साथ-साथ सास चन्द्रवती, ननद ममता, देवर संदीप व कुलदीप और जेठानी कविता उसे रोजाना ताने मारते थे और दहेज लाने का दबाव डालते थे। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी और गाली-गलौज कर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। पीड़िता के अनुसार उसके माता-पिता और परिजनों ने कई बार सोनू और उसके परिवार वालों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे अपनी हरकतों से बाज नहीं आए। उल्टा गाली-गलौज और धमकी देने लगे। पीड़िता ने बताया कि उसका पति सोनू उसके मायके स्थित घर में जबरन घुस आया और गाली-गलौज करने लगा। उसने उसे जान से मारने की धमकी भी दी और पूरे घर का माहौल भयभीत कर दिया। महिला ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। इज्जतनगर थाने में पीड़िता की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

# प्रतापगढ़ पुलिस का मानवीय चेहरा बचाई नन्ही बच्ची की जान

**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**

**प्रतापगढ़** । मोहनगज चौकी अन्तर्गत एक मार्मिक घटना ने पुलिस की संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल पेश की है। थाना कोतवाली देहात के मोहनगंज चौकी क्षेत्र में देवघाट पुल के नीचे एक नवजात बच्ची के रोने की आवाज सुनाई दी, जिसके बाद राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी।



सूचना पर कोतवाली देहात से कॉन्स्टेबल धनंजय सिंह, मनीष पांडेय और महिला कॉन्स्टेबल रूबी यादव तुरंत मौके पर पहुंच साहस और सावधानी के साथ पुल के नीचे उतरकर बच्ची को सुरक्षित रुप से बाहर निकाला और बच्ची की नाजुक हालत को देखते हुए, उसे तुरंत मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। मेडिकल कॉलेज में वेंटिलेटर की सुविधा न होने के कारण बच्ची को बेहतर इलाज के लिए प्रयागराज रेफर कर दिया गया। कॉन्स्टेबल धनंजय सिंह और रूबी यादव ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए बच्ची को प्रयागराज ले जाने का बीड़ा उठाया। यह घटना पुलिस की त्वरित कार्रवाई और मानवीय दृष्टिकोण का जीवंत उदाहरण है। प्रतापगढ़ पुलिस की इस सराहनीय पहल की स्थानीय लोग जमकर प्रशंसा कर रहे हैं। इस घटना ने न केवल एक मासूम की जान बचाई, बल्कि समाज में पुलिस की सकारात्मक छवि को भी मजबूत किया है।

# एसएसपी ने पुलिस लाइन में परेड और तैयारियों का लिया जायजा

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**




**बरेली।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अनुराग आर्य ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित साप्ताहिक परेड का गहन निरीक्षण किया। परेड में शामिल पुलिस कर्मियों की फिटनेस, अनुशासन और टर्नआउट की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया गया। ड्रोन कैमरे से परेड की निगरानी कर उसकी प्रभावशीलता का परीक्षण भी किया गया। परेड के दौरान एसएसपी ने स्वयं मौजूद रहकर जवानों की दौड़ और ड्रिल करवाई। उन्होंने टर्नआउट को उत्तम बनाए रखने के लिए संबंधितों को विशेष निर्देश दिए। परेड के संचालन की ड्रोन द्वारा निगरानी कर उसकी गुणवत्ता को परखा गया। एसएसपी ने पुलिस लाइन परिसर के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण भी किया, जिसमें क्वार्टर गार्ड, बैरक, परिवहन शाखा, शस्त्रागार एवं स्टोर शामिल रहे। शस्त्रागार में आगामी रिक्रूट ट्रेनिंग को ध्यान में रखते हुए शस्त्रों की कार्यशीलता और उपलब्धता की समीक्षा की गई। साफ-सफाई और रखरखाव को लेकर सख्त निर्देश दिए गए। परिवहन शाखा में पीआरवी सहित सभी वाहनों की स्थिति का जायजा लिया गया। हर वाहन में फर्स्ट एड किट और दंगा नियंत्रण उपकरण की उपलब्धता को अनिवार्य करते हुए संबंधित प्रभारी को निर्देशित किया गया। साथ ही वाहनों की सफाई और रखरखाव पर भी बल दिया गया। एसएसपी ने परेड ग्राउंड के कंस्ट्रक्शन और लेवलिंग कार्य की प्रगति की समीक्षा की। कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण तरीके से पूरा कराने के निर्देश दिए गए। आदेश कक्ष में गार्द रजिस्टरों की जांच की गई। ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा बनाए रखने की हिदायत दी गई। मेस निरीक्षण में स्वच्छता और भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए।

इस निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन, प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन बरेली सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मुरसान में कार्यकर्ता सम्मेलन मैं कार्यकताओं को निर्देश दे गए जयंत चौधरी ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी पार्टी में सुनिश्चित की जाए

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**

**मुरसान।** राष्ट्रीयलोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी हाथरस सिटी स्टेशन के वर्चुअल उद्घाटन के अवसर पर मुरसान पार्टी कार्यालय सुबह 9:30 बजे पहुंचे। जहां कंचना फाटक पर कार्यकताओं का हुजूम उमड पड़ा।



विधायक प्रदीप चौधरी गुड्डू भैया जिला अध्यक्ष चौधरी श्याम सिंह प्रधान वरिष्ठ नेता गिरेंद्र चौधरी, सुआ पहलवान, केशव देव चौधरी, इशांन चौधरी, रवेंद्र यादव, गुनगुन चौहान, महिपाल चौधरी, दीपूचौधरी, प्रमोद चौधरी सहित भारी संख्या में पधारे ग्राम प्रधानो ने उनकी अगवानी की और गाड़ियों के लंबे काफिले के साथ मुरसान पार्टी कार्यालय लेकर पहुंचे। कार्यकर्ता सम्मेलन में भारी मात्रा में पधारे कार्यकताओं को देखकर जयंत चौधरी गदगद नजर आए। उन्होंने जिला अध्यक्ष चौधरी श्याम सिंह प्रधान और कार्यक्रम का संचालन कर रहे जिले के महासचिव बंटी भैया को धन्यवाद दिया। और पार्टी के लोगों को निर्देश दिया कि महिलाओं की भागीदारी पार्टी में सुनिश्चित की जाए। युवाओं की भागीदारी पर उन्होंने कहा कि मैं खुद युवा हूं। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व ब्लाक प्रमुख चौधरी धर्मवीर सिंह जी ने की। उसके बाद हाथरस सिटी स्टेशन के वर्चुअल उद्घाटन में पहुंचने पर प्रशासनिक अधिकारियों ने उन्हें गार्ड ऑफ आनर सलामी दी। मंच पर उनके साथ राष्ट्रीय लोकदल के विधायक प्रदीप चौधरी गुड्डू भैया जिला अध्यक्ष चौधरी श्याम सिंह प्रधान और जिले के महासचिव बंटी भैया सहित सांसद विधायक जिला पंचायत अध्यक्ष नजर आए। वर्चुअल उद्घाटन के समय मंच के सामने बैठकर विधायक प्रदीप चौधरी गुड्डू भैया से गुप्तगू करते नजर आए। उन्होंने जिला अध्यक्ष चौधरी श्याम सिंह प्रधान को पार्टी को और ताकत प्रदान करने के लिए कहा और सदस्यता अभियान की जानकारी ली।

# नूरपुर में निकाली गई तिरंगा यात्रा लोगों ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**





**नूरपुर** :ऑपरेशन सिंदूर की सफलता व भारत माता के वीर सपूतों के सम्मान में नूरपुर नगर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस तिरंगा यात्रा के संयोजक विपिन कुमार (एम. डी. रफेक्ट क्लासेस) रहे।तिरंगा यात्रा में नगर व ग्रामीण क्षेत्र के नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। तिरंगा यात्रा मुरादाबाद रोड स्थित परफेक्ट क्लासेस से शुरू होकर शिव मंदिर चौक, रोडवेज बस स्टेशन होते हुए शहीद तिराहे पर संपन्न हुई। तिरंगा यात्रा का नगर के कई स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

यात्रा में शामिल लोग हाथों में तिरंगा लिए हुए देशभक्ति के नारे भारत माता की जय, वंदे मातरम के उद्घोष से माहौल राष्ट्रभक्ति में रंग गया। तिरंगा यात्रा में लगभग 50 मीटर तिरंगा परफेक्ट क्लासेस के विद्यार्थी लेकर चल रहे थे जो आकर्षण को केंद्र रहा। तिरंगा यात्रा (एम. डी.परफेक्ट क्लासेस) विपिन कुमार ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत पड़ोसी देश की सीमा में स्थित आतंकी ठिकानों को नष्ट कर व कई आतंकियों को मौत की नींद सुलाकर भारतीय सेना ने साहस व शौर्य का परिचय दिया है उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने एक बार फिर दुश्मन के घर में घुसकर वार किया है। सेना के इस साहस व शौर्य का देशवासी नमन करते हैं। तिरंगा यात्रा मे महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह, जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान, ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान, नगर पालिका चेयरमैन डॉ एमपी सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष निशांत कर्णवाल, श्री रामलीला कमेटी के प्रधान सचिन चौधरी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जुगनू चौधरी, विचित्र चंदेल, हेमराज सिंह चौहान, प्रणय मनु गुप्ता, पुष्पेंद्र शेखावत, नरेश भाटी, हितेंद्र चौहान, वीर प्रकाश सिंह भुईयार, विवेक चौधरी, विवेक चौहान, अर्पित त्यागी, सुधीर चौहान, प्रेमपाल सिंह, ईसमपाल सिंह, राहुल यादव, दीपक सक्सेना, चंचल कटारिया, अजय चौहान, राजीव जोशी, राजवीर सैनी राजू, विनय चौहान, धर्मेंद्र सैनी, सुरेंद्र चौहान, जीतू भुईयार, अनिकेत, मुकेश भुईयार, प्रेमोहन, डॉ शीला राणा, कमलेश प्रजापति, किरन चौहान, नीलम चौहान, इंदु चौहान आदि मौजूद रहे।


## नूरपुर में निकाली गई तिरंगा यात्रा लोगों ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर** :ऑपरेशन सिंदूर की सफलता व भारत माता के वीर सपूतों के सम्मान में नूरपुर नगर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस तिरंगा यात्रा के संयोजक विपिन कुमार (एम. डी. रफेक्ट क्लासेस) रहे। तिरंगा यात्रा में नगर व ग्रामीण क्षेत्र के नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

तिरंगा यात्रा मुरादाबाद रोड स्थित परफेक्ट क्लासेस से शुरू होकर शिव मंदिर चौक, रोडवेज बस स्टेशन होते हुए शहीद तिराहे पर संपन्न हुई। तिरंगा यात्रा का नगर के कई स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।यात्रा में शामिल लोग हाथों में तिरंगा लिए हुए देशभक्ति के नारे भारत माता की जय, वंदे मातरम के उद्घोष से माहौल राष्ट्रभक्ति में रंग गया। तिरंगा यात्रा में लगभग 50 मीटर तिरंगा परफेक्ट क्लासेस के विद्यार्थी लेकर चल रहे थे जो आकर्षण को केंद्र रहा। तिरंगा यात्रा (एम. डी.परफेक्ट क्लासेस) विपिन कुमार ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत पड़ोसी देश की सीमा में स्थित आतंकी ठिकानों को नष्ट कर व कई आतंकियों को मौत की नींद सुलाकर भारतीय सेना ने साहस व शौर्य का परिचय दिया है उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने एक बार फिर दुश्मन के घर में घुसकर वार किया है। सेना के इस साहस व शौर्य का देशवासी नमन करते हैं तिरंगा यात्रा मे महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह, जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान, ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान, नगर पालिका चेयरमैन डॉ एमपी सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष निशांत कर्णवाल, श्री रामलीला कमेटी के प्रधान सचिन चौधरी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जुगनू चौधरी, विचित्र चंदेल, हेमराज सिंह चौहान, प्रणय मनु गुप्ता आदि मौजूद रहे।


# पैजानिया में निकाली गई तिरंगा यात्रा लोगों ने बढ़-चढ़ कर लिया हिस्सा

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**नूरपुर** : विकास खण्ड नूरपुर की ग्राम पंचायत पैजनिया में आकांक्षा चौहान ब्लाक प्रमुख नूरपुर के नेतृत्व में पहलगाम जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले का आपँरेशन सिंदुर में भारतीय सेना द्वारा मुँहतोड़ जवाब देने के उपलक्ष में भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा शौर्य यात्रा निकाली गयी।

यह तिरंगा यात्रा प्राथमिक विद्यालय से प्रारम्भ होकर शहीद स्मारक तक निकाली गयी।तिरंगा यात्रा में भारतीय सेना के वीरों के सम्मान में भारत माता की जय और वन्देमातरम के नारे लगाये गये। तिरंगा यात्रा में दिनेश पाल शर्मा खण्ड विकास अधिकारी नूरपुर, नन्दकिशोर प्रधान, सलीम अहमद एडीओ (आईएसबी), नीरज कुमार, पप्पन कुमार, अखिलेश कुमार, दीपक कुमार, धर्मेन्द्र सैनी भाजपा के मोरना मंडल अध्यक्ष, अनीता, मनोज, पूनम, पिंकी, बाला, प्रमिला आदि समूह की महिलाओं और ग्रामीणों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।

# भिटौरा गांव में शराब के नशे में चार युवकों ने की मारपीट, एक गंभीर रूप से घायल

**वेलकम इंडिया**



**झांसी!** सकरार थाना क्षेत्र के ग्राम भिटौरा में शराब के नशे में धुत चार युवकों ने एक घर के बाहर गाली-गलौज की और विरोध करने पर घर में घुसकर मकान मालिक पर लाठियों व सरियों से हमला कर दिया। इस हमले में महेश नामक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।घटना के संबंध में महेश ने बताया कि गांव के ही प्रकाश, आकाश, रविंद्र और अंशुल शराब पीकर उनके घर के बाहर गाली-गलौज कर रहे थे। जब उन्होंने इसका विरोध किया और खाना खाने घर के अंदर चले गए, तो चारों युवक सरियों व लाठियों के साथ घर में घुस आए और उन पर हमला कर दिया। इससे वह बुरी तरह घायल हो गए। महेश ने बताया कि उनकी हमलावरों से कोई पुरानी रंजिश नहीं थी। शराब के नशे में गाली-गलौज का विरोध करने पर उन पर हमला किया गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।वहां हालत गंभीर होने पर उन्हें झांसी मेडिकल कॉलेज भेजा गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मुख्यमंत्री ने समाजसेवी ऋषभ राय को किया सम्मानित




**वेलकम इंडिया**

**झाँसी।** अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस हर साल 22 मई को मनाया जाता है. इसका मकसद दुनिया भर में जैव विविधता की अहमियत को समझाना और उसके संरक्षण के लिए जागरूकता फैलाना है. वही लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता संगोष्ठी-2025 के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व विशिष्ठ अतिथि पर पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण सक्सेना, राज्यमंत्री केपी मलिक, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और प्रमुख सचिव अनिल कुमार के मुख्य आतिथ्य में झाँसी जनपद की समाजसेवी संस्था टीम वसुंधरा सृजन को जैव विविधता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतू सम्मानित किया गया. यह सम्मान टीम के अध्यक्ष ऋषभ राय ने मंच पर मुख्यमंत्री से प्राप्त किया. टीम वसुंधरा सृजन के अध्यक्ष ऋषभ राय ने बताया की समिति द्वारा वृक्षारोपण अभियान के तहत झांसी जनपद में गत वर्ष में 11000 पेड़ लगाए गए।इस वर्ष समिति का लक्ष्य 21000 पेड़ लगाने का है ।ज्ञात है कि बुंदेलखंड में झांसी का तापमान सबसे अधिक रहता है

और टीम का उद्देश्य अधिक से अधिक वृक्ष रोपित करके तापमान नियंत्रण में सहयोग करना है। टीम अध्यक्ष ऋषब राय ने अपील की है कि हम सबको मिलकर मुख्यमंत्री के वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाना चाहिए. इस दौरान समिति सदस्य मौजूद रहे।

# नायब तहसीलदार ने छापा मारकर पकड़ा सरकारी राशन का चावल।

**वेलकम इंडिया**



**औरंगाबाद:** सरकार धांधली रोकने के सिस्टम को चाहे जितना भी डिजिटल कर ले, मगर सरकारी माल की चोरी और कालाबाजारी पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। इसकी बंदगी उस समय प्रकट हुई जब सटीक सूचना पर नायब तहसीलदार ललित नारायण प्रशांत ने औरंगाबाद नगर से राशन चावल से भरी एक गाड़ी को छापा मारकर पकड़ लिया। वहां से करीब 36 बोरियों में भरा लगभग 18 क्विंटल सरकारी राशन का चावल बरामद किया है।शुक्रवार की दोपहर नायब तहसीलदार ललित नारायण प्रशांत ने मुखबिर की सूचना पर नगर की पुरानी सब्जी मंडी के निकट से सरकारी राशन के चावल से भरी एक गाड़ी को छापा मारकर पकड़ लिया।वहां करीब 36 बोरियों में भरा लगभग 18 क्विंटल सरकारी राशन का चावल बरामद किया। जबकि आरोपी मौके से फरार बताया जा रहा है, साथ ही नायब तहसीलदार ने खाद आपूर्ति विभाग को भी इसकी जानकारी दे दी, जिसके बाद खाद आपूर्ति विभाग की टीम ने मौके पर पहुँचकर पूरे मामले की जांच की है।

# समर कैंप के तीसरे दिन समाज के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन उच्च प्राथमिक विद्यालय बारीनगला मैं समर कैंप के तीसरे दिन बच्चों को समाज के बारे में बताते हुए शिक्षामित्र धर्मेंद्र पटेल ने कहा कि आधुनिक समय में समाज एक ऐसा तत्व है जिसे हम अपनी जिंदगी में सबसे अधिक महत्व देते हैं। हमारे समाज में हम सभी अलग-अलग तरह के लोग होते हैं जो अलग-अलग धर्म, जाति, लिंग, रंग और कुछ भी हो सकते हैं। हमारी जिंदगी में हम सभी एक दूसरे से जुड़े हुए होते हैं और हमारी दुनिया एक ऐसे समूह के साथ बनती है जिसका स्वास्थ्य और विकास हम सब अपने अपने तरीके से संभव बनाते हैं। अपने समाज के प्रति अपना योगदान देना बहुत महत्वपूर्ण है। हमें अपने समाज के सदस्यों को समझना चाहिए और उनकी जरूरतों को समझना चाहिए। हमें उन्हें जागरूक करना चाहिए और उन्हें सक्षम बनाना चाहिए ताकि वे अपने आप को स्वयं सहायता और समृद्धि के लिए तैयार कर सकें। इस अवसर पर अनुदेशक आशा राणा ने विद्यालय में समर कैंप में आए छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जब हम अपने समाज के प्रति अपना योगदान करते हैं, तो हम इस दुनिया को एक बेहतर स्थान बनाने में मदद करते हैं। हम अपने समाज के सदस्यों की मदद करते हैं जो हमारे साथ जुड़े हुए होते हैं। हम उन्हें सहायता और समर्थन प्रदान करते हैं। हम अपने समाज के सदस्यों के विकास और समृद्धि में योगदान करते हैं। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने मिट्टी का उपयोग कर दीए बनाए, वहीं पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए विद्यालय में लगे हुए पौधों को अच्छे ढंग से संरक्षित करने के लिए कार्य किया। वही एक अन्य विद्यालय कंपोजिट विद्यालय जोगीठेर में अनुदेशक गौरव गंगवार ने बच्चों को हमारे समाज के बारे में बताते हुए कहा कि हमें अपने समाज में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए ताकि हम अपने समाज के लिए बेहतरीन उपाय ढूंढ सकें।

# साधु संतों का फूल मालाओं से स्वागत कर शाल ओढ़कर उनको सम्मानित किया

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**




**नजीबाबाद।** सिटी प्रेस क्लब नजीबाबाद की ओर से आयोजित पेयजल शिविर में निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर सहित आधा दर्जन से अधिक साधु संत पहुंचे ।सिटी प्रेस क्लब अध्यक्ष नेम सिद्दीकी के हरिद्वार मार्ग स्थित आवास पर आज निरंजन अखाड़ा के श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर गजानंद गिरी, पंचायती श्री निरंजनी अखाड़ा के महंत रामानंद गिरी, नागा बाबा बुधपुरी देवकीनंदन महाराज ,व गजानन महाराज पहुंचे ।इस अवसर पर सभी साधु संतों का जोरदार स्वागत किया गया ।इस मौके पर व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष कपिल सर्राफ, वरिष्ठ समाज सेवी नगीना जोन स्टोन क्रेशर के अध्यक्ष संजीव चौहान,नईम सिद्दीकी,पंकज शर्मा,विपुल शर्मा,हर्षित अग्रवाल,ग्राम प्रधान डॉक्टर साजिद हुसैन,जकी मालिक,आदि ने संयुक्त रूप से साधु संतों का फूल मालाओं से स्वागत कर शाल ओढ़कर उनको सम्मानित किया ।इसके बाद सभी अतिथि रेलवे स्टेशन परिसर में लगे पेयजल शिविर में पहुंचे और शिविर का फीता काट कर उद्घाटन किया ।इस मौके पर जितेंद्र जैन,नईम सिद्दीकी गुलजार अहमद, विकास आर्य, हिफजुर्रहमान, राजवीर सिंह ,संतराम शर्मा ,प्रदीप चौहान ,मिस बाबुल हसन ,अभिनव अग्रवाल ,आदित्य अग्रवाल ,शाहनवाज अहमद ,रविंद्र कुमार ,कुलदीप राजपूत,मोहम्मद शाकिर आदि मौजूद रहे ।

# विकास कार्यों को लेकर ब्लॉक प्रमुख की मुख्यमंत्री से हुई मुलाकात

**वेलकम इंडिया**

**शिकारपुर/बुलंदशहर**/शिकारपुर ब्लॉक प्रमुख पंकज गौतम ने सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से विकास कार्यों के मुद्दों को लेकर शिष्टाचार भेंट की है। ब्लॉक प्रमुख ने बताया है कि ब्लॉक क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की गई और ब्लॉक के लिए अतिरिक्त 10 करोड़ रुपये तथा भैसरौली नासिरपुर में शहीद जगपाल सिंह की प्रतिमा तक सलेमपुर शिवाली संपर्क मार्ग से रोड निर्माण कार्य की मांग की है ।वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ब्लॉक प्रमुख को क्षेत्र में बढ़-चढ़कर विकास कार्य कराने का आश्वासन दिया है ।ब्लॉक प्रमुख द्वारा बताया गया कि क्षेत्र में समय-समय पर अनगिनत विकास कार्य कराए गए हैं जोकि क्षेत्र में धरातल पर देखने को मिलेंगे। साथ ही बताया कि ब्लॉक प्रमुख की शिष्टाचार मुलाकात सफल रही वही ब्लॉक क्षेत्र के गांव-गांव में वाटर कूलर, स्ट्रीट लाइट, ग्राम पंचायत में पुराने भवनों का जीर्णोद्धार नवनिर्माण आदि कार्य कराए गए हैं। और जो गांव अभी विकास कार्यों के लिए शेष रह गए हैं उन गांव में भी जल्द विकास कार्य कराएंगे। ब्लॉक प्रमुख की क्षेत्र में जमकर तारीफ हो रही है उधर सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।



# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर नगर में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर नगर में देशभक्ति और गर्व से ओतप्रोत एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा मोदी मंदिर से प्रारंभ होकर राज चोपला तक निकाली गई, जिसका उद्देश्य भारतीय सेवा के अद्वितीय शौर्य और पराक्रम विशेषतः ऑपरेशन सिंदूर में शामिल वीर जवानों को सम्मानित करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष चौधरी चैनपाल सिंह रहे। जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने किया। उनके प्रेरणादायक मार्गदर्शन में सम्पूर्ण यात्रा राष्ट्रभक्ति के उमंग से सराबोर रही। चौधरी चैनपाल सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि ₹यह आयोजन यह दशार्ता है कि मोदीनगर की जनता अपने देश के सच्चे रक्षकों के साथ खड़ी है। तिरंगा हमारे गौरव, सम्मान और एकता का प्रतीक है।₹इस अवसर पर डॉ. मंजू शिवाच ने कहा कि ₹हमारे सैनिकों के अद्वितीय शौर्य और बलिदान को शब्दों में व्यक्त करना संभव नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर हमारे सैन्य बलों के अदम्य साहस और निष्ठा का प्रतीक है। यह तिरंगा यात्रा हमारे वीर जवानों को और युवाओं के लिए राष्ट्रसेवा की प्रेरणा है।₹ इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश सिंघल, ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह, स्वदेश जैन, नगर पंचायत निवाड़ी के अध्यक्ष अनिल त्यागी, मण्डल अध्यक्ष आकाश शर्मा, सतेन्द्र त्यागी, नीरज त्यागी, नितिन मित्तल, देवेंद्र चौधरी, नवेंद्र गॉड, अमित चौधरी, डॉ योगेश सिंघल, डॉक्टर पवन सिंघल, विजय वाल्मीकि, प्रदीप बॉस, मयंक शर्मा, ललित त्यागी सभासद, नवीन जायसवाल, पिंकी चौधरी, गीता कौशिक, मीनाक्षी भूटानीपंजाबी मंच के अध्यक्ष राजकुमार खुराना, राज ढींगरा, सुनील चावला, रमेश खुराना, पंजाबी संगठन के अध्यक्ष अजय ग्रोवर, महिला संगठन की अध्यक्ष डॉक्टर शालिनी नैयर, मोदी इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेट, एनसीसी अधिकारी प्रवीण जेनर, रितु गोयल ट्रिनिटी स्कूल, सौरभ शर्मा, पंकज कंसल, और हजारों की संख्या में स्थानीय नागरिक, डॉक्टर्स, टीचर्स, एडवोकेट, युवाओं, सामाजिक कार्यकताओं और गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने इस यात्रा को एक ऐतिहासिक जनआंदोलन का स्वरूप प्रदान किया। पूरे मार्ग में भारत माता की जय और वंदे मातरम्‌ के उद्घोष गूंजते रहे, जिससे समूचा वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया। यह आयोजन आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्र सेवा, एकता और गौरव की भावना से जोड़ने का सशक्त माध्यम भी सिद्ध हुआ।

# मोदी कॉलेज की समर कैंप की क्ले मॉडलिंग की वर्कशॉप में छाया रहा

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** डॉक्टर के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर गाजियाबाद में क्ले मॉडलिंग की वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के सैकड़ो छात्रों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया जैसा कि सभी को विदित है इस माह की 20 तारीख से सभी विद्यालयों में ग्रीष्म अवकाश प्रारंभ हो चुका है और हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी डॉक्टर के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में ग्रीष्म अवकाश में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस बार डॉक्टर के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज के प्रतिभावान छात्रों ने ग्रीष्म अवकाश में मिट्टी से मूर्ति बनाना आज क्ले मॉडलिंग की वर्कशॉप का आयोजन विद्यालय में कराया गया ह्ल डॉ नरेश प्रजापति ने छात्रों को मिट्टी से विभिन्न कलाकृतियां बनाने के गुरु सिखाएं व प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद्र अग्रवाल ने छात्रों से कहा की मिट्टी द्वारा वे अपने मनपसंदीदा सब्जेक्ट पर तो कार्य करें ही साथ ही ऑपरेशन सिंदूर सब्जेक्ट को ध्यान में रखकर भी मूर्तियां बनाएं आपकी कलाकृतियों में आपकी कला वह देशभक्ति दोनों नजर आनी चाहिए छात्रों ने विभिन्न प्रकार की मूर्तियां खेल खिलौने आदि बनाए जिसमें सिंधु घाटी की सभ्यता से संबंधित खेल खिलौने बैलगाड़ी चिड़िया बंदर जानवर राष्ट्रीय पक्षी मोर शेर बाघ शिवलिंग भगवान शिव श्री गणेश माँ शेरावाली भारत माता, विज्ञान से संबंधित टॉपिक व ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित कलाकृतियां चर्चा का विषय रही कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रशासनिक अधिकारी राजकुमार सिंह, खेल शिक्षक राजीव सिंह प्रवीण जैनर , अजय कुमार, सतीश कुमार गौरव त्यागी संजीव चौधरी रीना शर्मा ज्योति शर्मा आदि का सहयोग रहा।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाली गई तिरंगा यात्रा



वेलकम इंडिया

रामघाट/बुलंदशहर/शुक्रवार को भारतीय सेवा के स्वर का प्रतीक ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के सम्मान में क्षेत्रीय विधायक एवं समाजसेवी लोगों द्वारा जरगवां में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा आर्य समाज मंदिर से मेंन बाजार होती हुई फौजी चौराहा पर संपन्न हुई बाजार में तिरंगा यात्रा पर पुष्प बरसाकर स्वागत किया गया।इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक चंद्रपाल सिंह लोधी ब्लॉक प्रमुख पति अनार सिंह राजपूत प्रधान वीरपाल सिंह यादव सोमेंद्र सिंह राजपूत विकास अग्रवाल गजराज सिंह योगेश कुमार रघुराज सिंह मनोज कुमार सुधीर राजपूत मंगल राजपूत नरेश राजपूत आदि शामिल रहे।

# ट्रेनिंग की समस्त गतिविधियों का निरीक्षण कैंप कमांडेंट ने किया

वेलकम इंडिया



**मुरादनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** 35 यूपी बटालियन मोदीनगर के तत्वाधान में केंद्रीय विद्यालय मुरादनगर में चल रहे सी ए टी सी, 123 कैंप में चौथे दिन ट्रेनिंग की शुरूआत योगा द्वारा की गई। तत्पश्चात ट्रैफिक पुलिस की टीम ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर रामजी चौहान, विकास कुमार, रमेश सिंह, अतुल शर्मा, अतुल चौहान की टीम द्वारा एनसीसी कैडेट को यातायात जागरूकता संबंधी जानकारी दी गई ।जिसमें सड़क के नियमों का पालन करना, 18 साल से कम उम्र के व्यक्ति को वाहन न चलाना, तथा जेबरा क्रॉसिंग पर ही सड़क पार करना, वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करना, व गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करना आदि जानकारी दी गई। तत्पश्चात पी स्टाफ द्वारा दूरी , अनुमान विषय की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। सायं काल में लेफ्टिनेंट नगेंद्र कुमार , लेफ्टिनेंट राजीव जांगिड़ , एनसीसी ऑफिसर डॉक्टर अमित कुमार , एनसीसी ऑफिसर अनुराग गुप्ता के निर्देशन में कैडेट को वॉलीबॉल खो खो फुटबॉल , बैडमिंटन आदि खेलों का अभ्यास कराया गया। तथा जी सी आई सोनिया, केयरटेकर कोमल ने एनसीसी कैडेट को सांस्कृतिक प्रोग्राम की प्रैक्टिस कराई। ट्रेनिंग की समस्त गतिविधियों का निरीक्षण कैंप कमांडेंट कर्नल पी के सिंह , एडम ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल आर पी दहिया ने किया।इस अवसर पर सूबेदार मेजर परमानंद , सूबेदार नरदोज थापा , सूबेदार सूर्यमन गले, सूबेदार अवतार हुसैन, हवलदार संजीत कुमार , हवलदार संतोष, हवलदार पंकज, हवलदार भूपराम, हवलदार देवेंद्र कुमार, हवलदार पवन कुमार , हवलदार विशंभर , मनोज कुमार, विपिन कुमार, विनय कुमार , केके शर्मा , चंद्रवीर जितेंद्र , आदि लोग उपस्थित रहे।

# गजब ! विधायक के लिए जनता से बड़ी बन गई पिंडरा एसडीएम !

वेलकम इंडिया। संदीप तिवारी

**वाराणसी मिजार्मुराद।** पिंडरा तहसील की एसडीएम प्रतिभा मिश्रा तथा न्यायिक एसडीएम प्रज्ञा सिंह के ऊपर अधिवक्ताओं ने भ्रष्टाचार जैसे गंभीर आरोप लगाकर उन लोगों को हटाने की मांग को लेकर लगभग 15 दिनों से न्यायिक कार्य से बिरत है। इसके बावजूद भी सत्ता पक्ष के एक विधायक के दबाव में आकर जिले के आला अफसर भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे अधिकारियों पर कोई कार्रवाई करना मुनासिब नहीं समझ रहे हैं। भ्रष्टाचार से घिरे उपरोक्त अधिकारियों पर कार्रवाई न होने की वजह से अधिवक्ताओं में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिल रहा है। पिंडरा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कृपाशंकर सिंह व महामंत्री सुधीर कुमार सिंह आगामी 3 जून को पिंडरा तहसील प्रांगण में होने वाले अधिवक्ताओं के महापंचायत को सफल बनाने के लिए जिले ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के अधिवक्ताओं का समर्थन मांग रहे हैं। पिंडरा बार एसोसिएशन के सहयोग में राजातालाब तहसील के अधिवक्ताओं ने भी अपना समर्थन देते हुए न्यायिक कार्य से बिरत रहने का निर्णय लिया है। राजातालाब तहसील बार के अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को बार भवन के सभागार में कनिष्ठ उपाध्यक्ष अमित प्रताप सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत की गई। बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता छेदीलाल यादव के प्रस्ताव पर यह निर्णय लिया गया कि राजातालाब तहसील के अधिवक्ता बार एसोसिएशन पिंडरा के आंदोलन का समर्थन करेंगे। अधिवक्ताओं ने कहा कि यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक एसडीम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा व एसडीएम न्यायिक प्रज्ञा सिंह के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो जाती।

# भाजपा नेताओं के खिलाफ एफआरआई दर्ज करवाने के लिए एसपी से मिले व मेल की : एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल



वेलकम इंडिया

**हरियाणा/हिसार(राजेश सलूजा) :** जासूसी के आरोप में रिमांड पर चल रही ज्योति मल्होत्रा की झूठी फोटो नेता प्रतिपक्ष व सांसद राहुल गांधी की फोटो के साथ वायरल करने पर हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट ने रोष जताया है। इस संदर्भ में कड़ा संज्ञान लेते हुए हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने हिसार के पुलिस अधीक्षक से मुलाकात करके झूठी फोटो वायरल करने वाले भाजपा नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करके कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। एडवोकेट खोवाल ने भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. अजय आलोक, भाजपा झारखंड कार्यसमिति के सदस्य आलोक कुमार तिवारी, मानेसर निवासी धर्मेंद्र मानेसर, अभि अठावले, अरुण यादव, विवेक पांडे व अन्य के खिलाफ मेल करके तथा लिखित में भी शिकायत की है। खोवाल ने शिकायत के साथ भाजपा नेताओं द्वारा प्रसारित की गई झूठी तस्वीरें एवं राहुल गांधी की असली तस्वीरों की प्रति भी सौंपी है। एसपी को शिकायत करते समय एडवोकेट खोवाल के साथ, रतन पान्नू जिलाध्यक्ष लीगल डिपार्टमेंट, विकास पूनिया, प्रदेश सचिव पवन तुंदवाल, एडवोकेट हिमांशु आर्य खोवाल, शबनम, मीना तिजारिया गौरव शर्मा, जितेश बजाज, कुसुम प्रजापति, हर्ष सिवाच एवं काफी संख्या में एडवोकेट भी मौजूद रहे। लाल बहादुर खोवाल ने बताया कि वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राहुल गांधी के बढ़ते कदम से घबराकर भाजपा ने राहुल गांधी की दो पुरानी तस्वीरों में डिजिटल हेरफेर करके उन्हें सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दिया है। उन्होंने बताया कि दोनों वास्तविक तस्वीरों में राहुल गांधी और तत्कालीन कांग्रेस विधायक अदिति सिंह दिखाई दे रही हैं।

# सामजिक लोगों ने अवैध ओयो होटलों व गेस्ट हाउसों के खिलाफ भरी हुंकार



वेलकम इंडिया

**डिबाई।** डिबाई क्षेत्र में आए दिन नये हाउस व ओयो होटल खुल रहे हैं जो कहीं न कहीं खुलेआम अय्याशी व देह व्यापार को बढावा दे रहे है। अभी हाल ही के दिनों में डिबाई क्षेत्र के मखैना के नजदीक ऐसे ही ओयो होटल में पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की एक नाबालिग लडकी ओयो होटल में मौजूद है पुलिस द्वारा जब उक्त होटल पर छापा मारा गया तो नाबालिग लड़की को मौके से बरामद कर लिया गया। लेकिन अफसोस कि मां बाप ने लोकलाज और बदनामी के डर से कोई भी लिखित शिकायत पुलिस को नही दी जिससे उक्त ओयो होटल के खिलाफ कोई भी कार्रवाई अमल में नही पाई और ओयो होटल को अभयदान मिल गया। ऐसे ही गेस्ट हाउस व ओयो होटल के खिलाफ अब कुछ चुनिंदा सामाजिक लोगों द्वारा हुंकार भरी जा रही जो डिबाई क्षेत्र में जगह-जगह जाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं इसी कड़ी में डिबाई क्षेत्र के त्रिवेणी दत्त ब्रह्मचारी सरस्वती विद्या मनमोहक स्कूल में भी एक सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता कालेज के प्रधानाचार्य राहुल चौधरी द्वारा की गई।

# जल कुण्डी अभियान से अबोल पशुओं को मिल रहा सम्बल :बोहरा



वेलकम इंडिया

**बाड़मेर राजस्थान। 23 मई, 2025।** भीषण गर्मी के दौर को देखते हुए जन कल्याण संस्थान, बाड़मेर की ओर से अबोल पशुओं की जल सेवा को लेकर जल कुण्डी अभियान के माध्यम से थार नगरी, बाड़मेर में अलग-अलग स्थानों पर जल कुण्डियां स्थापित की गई। जिस कड़ी में शुक्रवार को शहर में खागल्ल, पादर मोहल्ला, करमूजी की गली, महावीर सर्किल आदि स्थानों पर संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन की देखरेख में जल कुण्डियां लगाई। इस अवसर पर मोहल्ले वासियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। संस्थान के सदस्य हरीश बोथरा ने बताया कि जन कल्याण संस्थान की ओर थार नगरी, बाड़मेर में अबोल पशुओं की जल सेवा को लेकर अलग-अलग स्थानों पर जल कुण्डिया लगाई जा रही है। जिसकी संचालन व देखरेख सम्बन्धित परिवारों द्वारा किया जाता है। अभियान के तहत अब तक 120 जल कुण्डी लगाई जा चुकी है। बोथरा ने बताया कि एक घर एक पौधा अभियान के तहत शीघ्र ही पौधारोपण कार्यक्रम पुनः प्रारम्भ किया जायेगा। जिसमें एक पौधे की सहयोग राशि मात्र 500 रुपए रखी गई है।

# उमाशंकर हत्याकांड में पांच हत्या आरोपियों को किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** थाना अंतर्गत गांव सीकरी कलां निवासी उमाशंकर की हत्या के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर हत्याकांड खुलासा कर दिया है। आरोपियों ने शराब के नशे में कहासुनी होने पर गमछे से गला दबाकर उमाशंकर की हत्या की थी। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि गांव सीकरी कलां निवासी उमाशंकर 27 अप्रैल को उमाशंकर लापता हो गया। 20 मई को परिजन ने उमाशंकर का सुराग नहीं लगने पर पुलिस को सूचना दी। इस पर उमाशंकर की गुमशुदगी दर्ज की गई। 21 मई को पुलिस को हैरिटेज स्कूल के पीछे जंगल में अस्थि कंकाल मिले। उमाशंकर के परिजन भी मौके पर पहुंचे। मौके से उमाशंकर की टीशर्ट मिली। परिजन ने कंकाल उमाशंकर के बताए थे। उमाशंकर के भाई दुष्यंत की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। गांव में पहुंचकर ग्रामीणों से पूछताछ की गई। जिसमें पता चला कि 27 अप्रैल को आखिरी बार उमाशंकर पांचों आरोपियों के साथ देखा था। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि गांव सीकरी कलां निवासी सीकरी कलां निवासी उपाशंकर की हत्या के मामले में पुलिस ने नीरज सैनी, अजय उर्फ छिद्दा, पकंज सैनी, मनोज सैनी और मेरठ नई बस्ती थाना टीपीनगर निवासी गौरव सैनी उर्फ कालू को गिरफ्तार किया गया है। पांचों आरोपियों को शुक्रवार सुबह गांव काजमपुर मार्ग स्थित ट्यूवबैल के पास से पकड़ा गया है। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय के अनुसार, आरोपियों ने बताया कि हत्या से कुछ दिन पहले किसी बात को लेकर पांचों का उमाशंकर से विवाद हो गया था और उमाशंकर ने उन्हें धमकाया था। इस दौरान पांचों आरोपियों ने उमाशंकर की हत्या करने की योजना बना डाली। इसके बाद आरोपी उसे एकांत स्थान हैरिटेज स्कूल के पीछे जंगल में ले गए। नशा अधिक होने के कारण उमाशंकर जमीन पर बैठ गया। इस दौरान नीरज सैनी और पंकज ने पीछे से गमछा डालकर उमाशंकर का गला दबाया। अन्य तीनों आरोपियों ने पैर और हाथ पकड़ लिए थे। उमाशंकर की मौत होने के बाद पांचों शव को जंगल में छोड़कर गांव लौट आए। दो दिन बाद वे दोबारा मौके पर पहुंचे और शव की पहचान मिटाने के इरादे से डीजल डालकर आग लगा दी।

# समर कैम्प में छात्राओं के लिए मूर्तिकला एवं आभूषण कार्यशाला का किया आयोजन

वेलकम इंडिया



**मुरादनगर ,( अनिल वशिष्ठ )।** ऑर्डनेंस फैक्टरी परिसर स्तिथ जवाहर लाल मेमोरियल गर्ल्स इंटर कॉलेज में चल रहे समर कैम्प में छात्राओं के लिए मूर्तिकला एवं आभूषण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

प्रधानाचार्या रेनू तोमर ने बताया कि इस आयोजन का नेतृत्व कला शिक्षिका मंजू सिंह द्वारा किया गया। इन्के मार्गदर्शन में छात्राओं ने हड़प्पा सभ्यता की प्राचीन मूर्तिकला, मिट्टी के खिलौनों तथा छत्तीसगढ़ की बस्तर जनजातीय मूर्ति कला की शैली में आकृतियाँ तैयार कीं। कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को भारत की प्राचीन संस्कृति, लोक कलाओं एवं मूर्तिकला परंपरा से जोड़ना था। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए इतिहास को अपनी उंगलियों से आकार दिया और अपने कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त छात्राओं ने मधुबनी चित्रकला से प्रेरित ईयररिंग्स (कानों के आभूषण) भी तैयार किए, जिसमें पारंपरिक डिजाइन और आधुनिक सौंदर्य का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। इन गतिविधियों ने छात्राओं की रचनात्मकता, सौंदर्यबोध और सांस्कृतिक समझ को एक नया आयाम दिया। प्रधानाचार्या ने बच्चों की कलात्मक अभिव्यक्ति की प्रशंसा करते हुए कहा इस प्रकार की कार्यशालाएं विद्यार्थियों में न केवल रचनात्मक आत्मविश्वास भरती हैं, बल्कि वे अपने सांस्कृतिक मूल्यों को भी गहराई से समझते हैं। बताया कि कार्यक्रम में बच्चों की सहभागिता और नवाचार देखने योग्य था, जिसने यह सिद्ध कर दिया कि हमारी नई पीढ़ी कला एवं संस्कृति की विरासत को संजोने और आगे बढ़ाने में तत्पर है।

# यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा को लेकर प्रशासन सतर्क

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद।** 25 मई 2025 को प्रस्तावित संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देशन में शुक्रवार को अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) रणविजय सिंह की अध्यक्षता में परीक्षा की सफल एवं सुचारू रूप से संचालन के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण शिविर डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार, जीजीआईसी विजयनगर में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण सत्र के दौरान एडीएम प्रशासन रणविजय सिंह ने निर्देशित किया कि यूपीएससी द्वारा जारी दिशा-निदेशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि परीक्षा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं जैसे हवादार कमरे, स्वच्छ पेयजल, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था इत्यादि हर हाल में सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा के लिए जनपद गाजियाबाद में 51 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था हेतु 3 सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, 7 जोनल मजिस्ट्रेट, 18 सेक्टर मजिस्ट्रेट, और 51 एलआईओ (लीएजनिंग ऑफिसर) तैनात रहेंगे। साथ ही पर्याप्त संख्या में महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मी भी मौजूद रहेंगे, जिससे किसी भी प्रकार की असुविधा या सुरक्षा चूक न हो। प्रशिक्षण सत्र में बताया गया कि परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली सुबह 9:30 से 11:30 बजे तक और द्वितीय पाली दोपहर 2:30 से 4:30 बजे तक होगी। अभ्यर्थियों को नियत समय से कम से कम 30 मिनट पहले परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होने की सख्त हिदायत दी गई है। प्रथम पाली के लिए 9:00 बजे और द्वितीय पाली के लिए 2:00 बजे के बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। प्रशिक्षण में उपस्थित अधिकारियों ने मीडिया से अपील करते हुए कहा कि वह अभ्यर्थियों तक इन दिशा-निदेशों को पहुँचाएं, जिससे कोई भ्रम या त्रुटि न हो। इस अवसर पर एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट, जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मेंद्र, और एसीपी सूर्यबली मौर्य सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे और उन्होंने अपने-अपने स्तर से महत्वपूर्ण निर्देश साझा किए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसी भी परीक्षा केंद्र पर क्लॉक रूम की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी, इसलिए अभ्यर्थी अपने साथ कोई भी मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ईयरफोन, पेन ड्राइव, ब्लूटूथ डिवाइस आदि न लाएं। यदि कोई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण साथ पाया गया तो वह आयोग की परीक्षा नीति के तहत कदाचार माना जाएगा। प्रशिक्षण में विशेष रूप से यह भी बताया गया कि सभी अभ्यर्थियों को अपने एडमिट कार्ड के साथ एक मूल फोटो पहचान पत्र (जैसे आधार, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट आदि) लाना अनिवार्य होगा।

# बैंक्वेट हॉल में चल रही थी बगैर लाइसेंस शराब पार्टी, अवैध शराब समेत कर्मचारी गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जनपद को अवैध शराब के कारोबार को मुक्त करने के लिए चल रही आबकारी विभाग की मुहिम रंग ला रही है। जिले में अवैध शराब के कारोबार का जड़ से सफाय करने के लिए ऑपरेशन नो इलीग्ल अल्कोहॉल अभियान के तहत शराब तस्करों के ठिकानों पर दबिश देने के साथ-साथ बिना लाइसेंस के शराब पार्टी करने वालों को सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है। जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार प्रथम और उनकी टीम जिले में कहर बनकर टूट रही है। जनपद में आबकारी विभाग ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि कानून से ऊपर कोई नहीं। अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार प्रथम के नेतृत्व में चल रहा अभियान 'ऑपरेशन नो इलीगल अल्कोहॉलज् अब माफियाओं की नींदें उड़ाने लगा है। जिले में लगातार हो रही कार्रवाईयों ने न केवल प्रशासनिक सख्ती को दशार्या है, बल्कि जनता के बीच सुरक्षा और भरोसे की भावना भी प्रबल की है। गुरुवार देर रात आबकारी विभाग की टीम को सूचना मिली कि वेवसिटी क्षेत्र के यू.के. औरा बैंक्वेट हॉल में अवैध रूप से शराब पार्टी का आयोजन किया जा रहा है। सूचना की पुष्टि होते ही जिला आबकारी अधिकारी ने तत्काल कार्रवाई का निर्देश जारी किया। आबकारी निरीक्षक अखिलेश बिहारी वर्मा और डॉ. राकेश त्रिपाठी के नेतृत्व में संयुक्त टीम रात के अंधेरे में बिना समय गंवाए मौके पर पहुंची और बैंक्वेट हॉल पर छापा मारा। जब टीम हॉल के अंदर दाखिल हुई, तो वहां का दृश्य चौंकाने वाला था। चमकती लाइटों के बीच हाथों में जाम लिए कुछ लोग शराब का लुत्फ उठा रहे थे। माहौल पूरी तरह पार्टीनुमा था, मगर जिस चीज की सबसे ज्यादा कमी थी, वह था कानून का पालन। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पूरे परिसर की तलाशी ली। तलाशी के दौरान मौके से कुल 24 बोतल कोरोना बीयर बरामद की गईं, जिनकी मात्रा लगभग 7.92 बल्क लीटर थी।

# हाउस टैक्स बढ़ोतरी को लेकर मंथन जारी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** शहर में हाउस टैक्स बढ़ोतरी के मुद्दे को लेकर जो विवाद और अराजकता फैलाने की कोशिशें की जा रही हैं, उस पर शुक्रवार को अपना बयान जारी करते हुए महापौर सुनीता दयाल ने कहा है कि हाउस टैक्स के विषय पर कुछ लोग भ्रम फैला कर समाज में गलतफहमी और अशांति फैलाने का प्रयास कर रहे हैं, जो बिलकुल अनुचित है। महापौर ने सभी नागरिकों को भरोसा दिलाया कि नगर निगम और नगर प्रशासन पूरी गंभीरता से इस मसले पर विचार-विमर्श कर रहे हैं और नगर व निगम हित में ही हर निर्णय लिया जाएगा। महापौर ने बताया कि हाउस टैक्स की बढ़ोतरी के विषय पर वे स्वयं, उनके पार्षद और नगर निगम के अधिकारी लगातार बैठकें और चर्चा कर रहे हैं। इन बैठकों में नगर आयुक्त सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की भी भागीदारी होती है। उन्होंने जनता से अपील की है कि वे इस मामले में घबराएं नहीं और अफवाहों से प्रभावित होकर अराजकता न फैलाएं। महापौर ने साफ कहा कि हाउस टैक्स का मुद्दा पूरी पारदर्शिता और न्यायसंगत प्रक्रिया के तहत सुलझाया जाएगा और मंथन के बाद सभी हितधारकों को आवश्यक राहत दी जाएगी। इस दौरान महापौर ने यह भी कहा कि नगर निगम का उद्देश्य केवल नगर और नागरिकों के हितों की रक्षा करना है। नगर निगम की नीतियां और फैसले इसी आधार पर बनाए जाएंगे ताकि शहर के विकास और सुव्यवस्था में किसी तरह का व्यवधान न आए। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसी भी तरह की कर वृद्धि या अन्य परिवर्तन जनता के बोझ को बढ़ाने के बजाय उनके जीवन स्तर को सुधारने की दिशा में होंगे।

# पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी वर्ष, गाजियाबाद बनेगा साक्षी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** शहर एक ऐतिहासिक पल का साक्षी बनने जा रहा है, जब पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर जी के जन्म के 300 वर्ष पूर्ण होने पर 30 मई को पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में एक भव्य व गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। महापौर सुनीता दयाल के नेतृत्व में यह आयोजन न केवल नगर निगम बल्कि पूरे शहर की सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक बनने जा रहा है। महापौर सुनीता दयाल ने इस कार्यक्रम को सर्वसमावेशी और ऐतिहासिक बनाने के लिए शुक्रवार को बैठक का आयोजन किया, जिसमें सभी सर्वदलीय पार्षदगण शामिल हुए। महापौर ने बताया कि प्रत्येक पार्षद को यह दायित्व सौंपा गया है कि वे अपने-अपने वार्ड से कम से कम 50 प्रबुद्ध नागरिकों को कार्यक्रम में आमंत्रित करें, जिसमें महिलाओं और युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इस कार्यक्रम में रानी अहिल्याबाई जी के जीवन, संघर्ष और योगदान को प्रस्तुत किया जाएगा। विशेष रूप से महिलाएं उनके जीवन पर आधारित साहित्य व विचार प्रस्तुत करेंगी, जिससे नई पीढ़ी को प्रेरणा मिल सके। महापौर ने यह भी घोषणा की कि शहर के किसी बड़े पार्क या प्रमुख चौराहे का नाम रानी अहिल्याबाई होल्कर चौक रखा जाएगा, जिसके लिए प्रस्ताव नगर निगम की बैठक में पारित किया जाएगा। बैठक के उपरांत महापौर ने पाल समाज के प्रतिनिधियों के साथ भी विचार-विमर्श किया। उन्होंने समाज के लोगों से अनुरोध किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित होकर इसे गौरवपूर्ण और ऐतिहासिक बनाएं। महापौर ने कहा कि रानी अहिल्याबाई न केवल पाल समाज की महान विभूति थीं, बल्कि वे समस्त समाज और धर्म के लिए पूजनीय हैं। उनके विचार और कार्य आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने उस युग में थे। बैठक में पार्षद विरेन्द्र त्यागी, प्रवीण चौधरी, राज कुमार नगर, नरेश जाटव, मनोज गोयल, राजकुमार चौधरी, पवन गौतम, रेखा गोस्वामी, बीना गौतम, देवनारायण शर्मा, नीरज गोयल, कन्हैया लाल, शीतल चौधरी, सुमनलता पाल, धीरज अग्रवाल, शशि खेमका, रामनिवास बंसल, साजिदा, सुनैना चौहान, मनोज त्यागी, बिजेंद्र चौहान, राजीव भाटी, अमित त्यागी सहित दर्जनों नामचीन जनप्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

# गाजियाबाद में कोरोना की फिर दस्तक

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** लंबे समय के बाद एक बार फिर जनपद में कोरोना संक्रमण ने दस्तक दी है। गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग ने चार नए संक्रमित मरीजों की पुष्टि की, जिससे स्वास्थ्य तंत्र में सतर्कता बढ़ गई है।

संक्रमितों में विभिन्न आयु वर्ग के लोग शामिल हैं, जिनमें से एक मरीज को गंभीर लक्षणों के चलते निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि बाकी तीन मरीज होम आइसोलेशन में रहकर इलाज करवा रहे हैं। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. आर.के. गुप्ता ने बताया कि संक्रमितों में कौशांबी का एक दंपती भी शामिल है, जो हाल ही में बैंगलूरु की यात्रा से लौटा था। लौटने के बाद जब उनमें सर्दी और खांसी के लक्षण दिखाई दिए, तो उन्होंने कोरोना जांच करवाई, जिसमें दोनों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। इसके अलावा दो अन्य मामलों में एक 18 वर्षीय युवती, एक 71 वर्षीय बुजुर्ग पुरुष और एक 64 वर्षीय महिला भी कोरोना संक्रमित पाई गई हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, फिलहाल सभी संक्रमितों की हालत स्थिर है। संक्रमितों के संपर्क में आए लोगों की सूची तैयार की जा रही है और उन्हें भी जांच के दायरे में लाया जा रहा है। संक्रमित मरीजों के घरों को सेनिटाइज किया गया है और आसपास के क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी गई है। जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और किसी भी तरह के लक्षण जैसे सर्दी, खांसी, बुखार या सांस लेने में दिक्कत हो, तो तुरंत जांच कराएं। सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनने, हाथ धोने और सामाजिक दूरी बनाए रखने जैसे नियमों का पालन करने की सलाह दी गई है।

# गमछे से गला घोंटकर की गई निर्मम हत्या, शव को जलाया, पांच आरोपी गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** हैरिटेज स्कूल के पीछे खेत में दो दिन पहले मिले जले हुए कंकाल की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। जांच में खुलासा हुआ कि यह कंकाल गांव सीकरी कलां निवासी उमाशंकर शर्मा उर्फ बदल का था, जिसकी निर्मम हत्या उसके ही जानने वालों ने की थी। आरोपियों ने शराब पार्टी के दौरान गाली-गलौज में हुए झगड़े के बाद गमछे से गला दबाकर उमाशंकर की हत्या कर दी थी। हत्या के दो दिन बाद शव पर डीजल डालकर आग लगा दी गई, ताकि पहचान मिटाई जा सके। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि इस मामले में गिरफ्तार किए गए पांचों आरोपी गौरव सैनी (निवासी टीपीनगर, मेरठ), नीरज सैनी, अजय उर्फ छिद्दा, पंकज सैनी और मनोज सैनी (सभी निवासी सीकरी कलां, मोदीनगर) हैं। पुलिस ने इन आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उन्होंने जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस जांच के अनुसार, 27 अप्रैल की शाम उमाशंकर गौरव व नीरज के साथ ढाबे पर शराब पी रहा था। कुछ समय बाद अजय, पंकज और मनोज भी वहां पहुंचे और सभी साथ में हैरिटेज स्कूल के पीछे जंगल में चले गए। खेत के किनारे बैठकर जब शराब पीने का दौर चल रहा था, उसी दौरान उमाशंकर का नीरज से गाली-गलौज को लेकर विवाद हो गया। बात बढ़ी तो उसने मनोज और पंकज को भी अपशब्द कहे। यह देख सभी आरोपित गुस्से में आ गए और उन्होंने उमाशंकर की जान लेने की साजिश रच डाली। हत्या की पूरी साजिश उसी वक्त रची गई। अजय, गौरव और मनोज ने उमाशंकर के हाथ-पैर पकड़े, जबकि नीरज और पंकज ने गमछे से उसका गला घोंट दिया। हत्या के बाद आरोपी शव को खेत में ही छोड़कर फरार हो गए। लेकिन पहचान मिटाने के उद्देश्य से दो दिन बाद वे दोबारा लौटे और शव पर डीजल छिड़ककर आग लगा दी। घटना का खुलासा स्कूल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से हुआ, जिसमें पांचों आरोपी उमाशंकर के साथ जाते हुए देखे गए।

# विधायक ने जल निगम और संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक में दिया त्वरित समाधान का निर्देश

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** शहर विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजीव शर्मा लगातार क्षेत्र को एक आदर्श शहर बनाने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। इस दिशा में वे न केवल विकास कार्यों को गति दे रहे हैं, बल्कि क्षेत्रवासियों की मूलभूत समस्याओं को सुलझाने के लिए भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। पानी की गंभीर समस्या को लेकर उनकी संवेदनशीलता और तत्परता इसी का उदाहरण है।

गुरुवार को विधायक संजीव शर्मा ने चौधरी मोड़ स्थित अपने कार्यालय में जल निगम एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक का उद्देश्य क्षेत्र में पानी की आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं की विस्तार से समीक्षा कर उनके त्वरित समाधान पर विचार करना था। बैठक में जल निगम के अधिकारियों ने बताया कि करीब पांच साल पहले क्षेत्र में पानी की बेहतर व्यवस्था के लिए पांच टंकियां स्थापित की गई थीं तथा शहर को पांच जोनों में बांटा गया था। इसके बावजूद भी हजारों परिवार आज तक पानी के कनेक्शन से वंचित हैं, जिससे जनता को अत्यंत परेशानी हो रही है। बैठक के दौरान अधिकारियों ने यह भी स्वीकार किया कि जल निगम द्वारा पाइपलाइन बिछाने के लिए जिन सड़कों की खुदाई की गई थी, वे सड़कें आज तक ठीक से बहाल नहीं की गई हैं। खराब सड़कों की वजह से क्षेत्र के नागरिकों को आवागमन और जीवनयापन में कड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस बात को गंभीरता से लेते हुए विधायक संजीव शर्मा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी पात्र और पात्रता रखने वाले लोगों को बिना किसी विलंब के पानी के कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएं।

# थानों में कबाड़ बनते वाहन, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उठाया सख्त कदम

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जिले के 24 थानों में वर्षों से जप्त किए गए लगभग 20,000 से अधिक वाहन आज भी बिना किसी निस्तारण के धूल फांक रहे हैं। इनमें दोपहिया से लेकर चारपहिया, ऑटो, ट्रक, ट्रैक्टर, और अन्य भारी वाहन शामिल हैं, जो अब धीरे-धीरे कबाड़ में तब्दील हो रहे हैं। इन वाहनों की दुर्दशा न सिर्फ प्रशासन की लापरवाही को उजागर करती है, बल्कि देश की न्यायिक व्यवस्था और संसाधनों के समुचित उपयोग पर भी गंभीर सवाल खड़े करती है।

इन वाहनों का थानों में सालों तक यूं ही पड़ा रहना न केवल जगह की भारी कमी का कारण बनता है, बल्कि थानों की स्वच्छता, सुरक्षा और कार्यकुशलता को भी प्रभावित करता है। गाजियाबाद ही नहीं, बल्कि यह स्थिति देशभर के अधिकांश थानों में देखी जा सकती है, जहाँ वाहन कबाड़ के ढेर में तब्दील होकर बेकार जगह घेरते जा रहे हैं। इस गंभीर समस्या पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सख्त रुख अपनाया है। अदालत ने साफ शब्दों में कहा है कि सजा अपराधी को मिलनी चाहिए, न कि उस वाहन को जो केवल अपराध का साक्ष्य भर है। कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की कि ये वाहन मात्र एक 'सबूत' नहीं, बल्कि राष्ट्र की संपत्ति हैं, जो यदि पुनः उपयोग में लाए जाएं तो आर्थिक और पर्यावरणीय दृष्टिकोण से अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो सकते हैं। हाईकोर्ट ने प्रदेश के मुख्य सचिव को निर्देशित किया है कि वह एक उच्च स्तरीय समन्वय समिति का गठन करें और आगामी छह माह में एक स्पष्ट, व्यावहारिक और प्रभावी नीति तैयार करें, जिससे जप्त वाहनों का उचित निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। यह न केवल पुलिस थानों में स्थान की समस्या को हल करेगा, बल्कि प्रशासन की कार्यकुशलता में भी सुधार लाएगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि इन वाहनों को स्क्रैप नीति के अंतर्गत व्यवस्थित तरीके से निस्तारित किया जाए या पुनर्नवीनीकरण की प्रक्रिया अपनाई जाए, तो यह देश के हरित विकास और पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान देगा। साथ ही, स्क्रैप व्यापार से जुड़े लोगों के लिए यह एक सकारात्मक संकेत भी है, क्योंकि सरकारी विभागों से स्क्रैप की खरीद में यह नई संभावनाओं के द्वार खोल सकता है। इस फैसले को प्रशासनिक सुधार की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल माना जा रहा है।

# निगम द्वारा दुकानों के किराए में भारी वृद्धि के विरोध में व्यापारियों में भारी रोष

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा नगर की दुकानों के किराए में चार से पांच गुना तक की वृद्धि करने के निर्णय ने व्यापारियों के बीच भारी नाराजगी और आक्रोश पैदा कर दिया है। इस एकतरफा फैसले के विरोध में महानगर उद्योग व्यापार मंडल के आह्वान पर नवयुग मार्केट स्थित नगर निगम मुख्यालय के बाहर सैकड़ों व्यापारियों ने जमकर प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने निगम के इस निर्णय को न्यायसंगत न मानते हुए इसे अपने व्यवसाय और आजीविका पर गंभीर प्रभाव डालने वाला बताया है। व्यापार मंडल के चेयरमैन ब्रिज मोहन सिंघल ने प्रदर्शन के दौरान कहा कि नगर निगम द्वारा व्यापारियों के साथ बिना किसी परामर्श या सहमति के यह किराया वृद्धि का फैसला अत्यंत अन्यायपूर्ण है। उन्होंने कहा कि निगम ने 1702 दुकानों के किराए के निर्धारण के लिए छह सदस्यीय कमेटी बनाई थी, जिसमें व्यापारियों ने भी अपना पक्ष रखा था, लेकिन उसके बावजूद बिना उनकी सहमति के नोटिस जारी करना गंभीर अनुचितता है। इसके अलावा व्यापारियों ने नगर निगम की हाउस टैक्स में तीन से चार गुना बढ़ोतरी पर भी कड़ा विरोध जताया। उनका तर्क था कि निगम अधिनियम की धारा 174(ख) के तहत हाउस टैक्स केवल दो साल में एक बार बढ़ाया जा सकता है, जबकि वर्ष 2023-24 में पहले ही 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी लागू की जा चुकी है, जो 31 मार्च 2025 तक मान्य है। व्यापारियों ने यह भी सवाल उठाया कि यदि हाउस टैक्स जिला मजिस्ट्रेट के सर्किल रेट के आधार पर तय किया जा रहा है, तो नगर निगम की व्यावसायिक संपत्तियों के किराए का निर्धारण उसी आधार पर क्यों नहीं किया जा रहा। वे इसे नगर निगम की नीतियों में असमानता और पक्षपातपूर्ण रवैये का उदाहरण मानते हैं। प्रदर्शन के दौरान व्यापारियों ने महापौर को ज्ञापन सौंपकर किराया वृद्धि को तत्काल वापस लेने और व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग की। व्यापारियों ने चेतावनी भी दी कि यदि नगर निगम ने इस बढ़ोतरी को वापस नहीं लिया, तो वे अपने आंदोलन को और भी व्यापक और सशक्त रूप देंगे। इस प्रदर्शन में महानगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष गोपी चंद, नरेश अग्रवाल, अशोक चावला, आनंद प्रकाश, सुनील गोयल, पवन शर्मा, राजदेव त्यागी, राकेश स्वामी, अनुराग गर्ग, राकेश बजाज, संजीव मित्तल, सुधीर गोयल, विपिन गोयल, कुंवरपाल सिंह, मनोज गर्ग, पंकज गुप्ता, वसीम अली, अमित मदान, सरदार सुखविंद्र सिंह, प्रदीप गर्ग, हरीश शर्मा, सुरेंद्र चानना, सुधीर चौधरी, विकास अग्रवाल, एनके सेहरा, प्रदीप बंसल और हितेंद्र शर्मा सहित सैकड़ों अन्य व्यापारी मौजूद थे।